


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 14 नवंबर 2024










# छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का जलसा आज से, 72 घंटे के भीतर होगा भुगतान

*हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर*

*छत्तीसगढ़ में 14 नवंबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत होगी। इस बार पिछले साल के मुकाबले 1 लाख 35 हजार से अधिक नए किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। सरकार ने इस सीजन में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। सभी उपार्जन केन्द्रों में बायोमैट्रिक डिवाइस के माध्यम से उपार्जन की व्यवस्था की गई है। छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों द्वारा उपजाये गए धान को निर्धारित समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। इसके लिए एक सप्ताह पहले से ही टोकन आवेदन की व्यवस्था आरंभ कर दी गई है। खरीदी सीजन में लघु एवं सीमांत कृषकों को अधिकतम 2 टोकन एवं बड़े कृषकों को 3 टोकन की पात्रता होगी। राज्य के सभी 33 जिलों में किसानों से धान खरीदी की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रदेश में 2739 उपार्जन केन्द्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान क्रय किया जायेगा। इस खरीफ सीजन के लिए प्रदेश में पंजीकृत कृषकों की संख्या 27,01,109 है। इस वर्ष 1,35,891 नये किसान पंजीकृत हुए हैं, जिससे 1,36,263 हेक्टेयर नवीन रक्बों का पंजीयन किया गया है। कुल 34,51,729 हेक्टेयर रक्बे में पंजीयन अनुसार धान उपार्जन का अनुमान है। धान खरीदी अवधि 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 के दौरान किसान अपना धान खरीदी केन्द्रों में लाकर बेच सकते है। खरीदी केंद्रों में* ▶▶ शेष पेज 4 पर

खास खबर

## इस साल बढ़ गए 1.35 लाख किसान

### टोकन मैन्युअल और ऑनलाइन

राज्य में किसानों को धान बेचने के लिए टोकन की व्यवस्था दो तरीकों से रखी गई है। किसान ऑनलाइन माध्यम से टोकन हासिल कर सकते हैं। लेकिन इसके साथ ही मैन्युअल तरीके से भी टोकन देने की व्यवस्था रखी गई है। बताया गया है कि जहां किसानों या उनके परिजनों के पास मोबाइल एवं नेट की व्यवस्था है वहां किसान ऑनलाइन टोकन हासिल कर रहे हैं। जिन किसानों के पास मोबाइल नेट की व्यवस्था नहीं है वे सोसायटी में आकर मैन्युअल टोकन ले रहे हैं।



### पेमेंट की व्यवस्था ऐसी होगी

धान बेचने वाले किसानों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य(एमएसपी) की राशि धान बेचने के 72 घंटों के भीतर अदा की जाएगी। यह राशि किसानों के बैंक खाते में ऑनलाइन आएगी। राज्य की भाजपा सरकार ने किसानों को धान का मूल्य 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल देने का वादा किया है। एमएसपी के अतिरिक्त अंतर की राशि सरकार के कृषि विभाग द्वारा किसान उन्नति योजना के तहत दी जाएगी। किसानों को यह राशि किस्तों में न देकर एकमुश्त दिए जाने का प्रावधान है।

### हेल्पलाइन भी

*धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर भी चस्पा कर दिये गये हैं। विपणन संघ मुख्यालय स्तर पर शिकायत निवारण हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है जिसका नं. 0771-2425463 है। धान बेचने वाले किसानों को समय पर भुगतान हेतु मार्कफेड द्वारा राशि की व्यवस्था कर ली गई है। समितियों में राशि आहरण हेतु माइक्रो एटीएम की व्यवस्था भी दी जा रही।*

## खबर संक्षेप

### न्यायमूर्ति सूर्यकांत कानूनी सेवा समिति के अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत को सुप्रीम कोर्ट विधिक सेवा समिति का नया अध्यक्ष नामित किया है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने 12 नवंबर की अधिसूचना में घोषणा की। इससे पहले यह पद न्यायमूर्ति बी.आर. गवई के पास था, जो अब एनएएलएसए के प्रमुख होंगे।

### ट्रैक्टर जब्त करने पर किसान ने की खुदकुशी



**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में कर्ज में डूबे एक किसान ने कथित तौर पर एक फाइनेंस कंपनी का कर्ज न चुका पाने और कंपनी द्वारा ट्रैक्टर जब्त किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। यह घटना मांडवा सोमनाला गांव में हुई। किसान रवींद्र विट्ठल अलोन (55) के पास तीन एकड़ कृषि भूमि थी।

### दो वाहनों में से बरामद किए 2.30 करोड़



**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती शहर में पुलिस ने दो वाहनों को रोका, जिनमें से करीब 2.30 करोड़ रुपए बरामद किए गए। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होंगे। अपराध शाखा द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस को बताया गया कि वाहन एक ही एजेंसी के हैं और यह नकदी एक बैंक से दूसरे बैंक में ले जाई जा रही है।

### डॉ. मनसुख मांडविया और सीएम विष्णुदेव ने 'माटी के वीर पदयात्रा' का किया शुभारंभ

# जशपुर में बनेगा स्टेडियम, केंद्रीय मंत्री ने दी सौगात, कहा -युवाओं को मिलेगा मौका

- भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जशपुर में निकली भव्य पदयात्रा
- उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

*केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में बुधवार को जशपुर नगर में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में 'माटी के वीर पदयात्रा' का भव्य आयोजन हुआ। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मांडविया ने मुख्यमंत्री साय के आग्रह पर जशपुर नगर में सर्वसुविधायुक्त स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण कराए जाने की घोषणा की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

केंद्रीय श्रम और रोजगार एवं युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री तो हैं ही साथ ही पार्लियामेंट में मेरे साथी भी रहे हैं। उन्होंने स्टेडियम बनाना है कहा है, तो मेरा दायित्व बन जाता है कि इस क्षेत्र में भारत की सहायता से एक अच्छा स्टेडियम बने, ताकि क्षेत्र में जो युवाओं में खेलने की स्कील है, उसको उजागर करके विकसित भारत में एक से पांच क्रम में भारत के वैश्विक क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज करा सकें।

2036 में हम जब भारत में ओलंपिक का आयोजन करेंगे और उसमें छत्तीसगढ़ के जशपुर से ओलंपिक में विस्तार की स्थिति से ट्राइबल धरती से निकला हुआ कोई ▶▶ शेष पेज 4 पर






### भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से लें प्रेरणा

श्री मांडविया ने कहा कि भविष्य में सफलता पाना चाहते हैं, अपनी व्यक्तिगत जीवन को बनाने चाहते हैं तो भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा ले सकते हैं। यहां बताया गया कि मुंडा समाज के हमारे लीडर ने अपनी बात कही। केवल 25 साल की आयु में उन्होंने देश के लिए क्या किया। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### साय बोले- सब मिलकर बनाएंगे पुरखों के सपनों का छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णदेव साय ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ के इस खूबसूरत जिले जशपुर में केन्द्रीय युवा मामले और खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का मैं हार्दिक स्वागत करता हूं। इस आयोजन में भाग ले रहे 10 हजार से अधिक यूथ वालंटियर्स और समस्त नागरिकों का मैं अभिनंदन करता हूं। भगवान मधेश्वर महादेव शिवलिंग दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग है। यहां के जनजातीय समुदायों पर भगवान मधेश्वर महादेव की कृपा आदिकाल से बनी हुई है। यह परम सौभाग्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### हाईकोर्ट का फैसला

# आईपीएस जीपी को बड़ी राहत, सभी केस रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



आय से अधिक संपत्ति, देशद्रोह और ब्लैकमेलिंग मामले में फंसे आईपीएस जीपी सिंह को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने बुधवार को उनके खिलाफ दर्ज तीनों एफआईआर रद्द कर दी है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की बेंच ने यह आदेश देते हुए माना कि परेशान करने के लिए झूठे मामलों में जीपी सिंह को फंसाया गया है। किसी भी मामले में उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। सुनवाई में चंडीगढ़ के सीनियर काउंसिल रमेश गर्ग वर्चुअल शामिल हुए। दरअसल ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बहाली का मामला केन्द्र की आपत्ति से अटका

ध्यान रहे कि 30 अप्रैल 2024 को आईपीएस जीपी सिंह को कैट (केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण) से बड़ी राहत मिली थी। कैट ने चार सप्ताह में जीपी सिंह से जुड़े सभी मामलों को निराकृत कर बहाल किए जाने का आदेश दिया था। श्री सिंह को जुलाई 2023 में राज्य सरकार की अनुशंसा पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी थी। कैट के फैसले के बाद राज्य शासन ने उन्हें फिर से बहाल ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सरकार गिराने की साजिश का था आरोप

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह के खिलाफ 2021 में एसीबी ने कार्रवाई की थी। सरकारी आवास सहित कई ठिकानों पर छापेमारी कर 10 करोड़ की अघोषित संपत्ति और कई संवेदनशील दस्तावेज बरामद करने का दावा किया था। इसके बाद जीपी सिंह पर राजद्रोह का केस दर्ज हुआ, जिसमें उन पर सरकार गिराने की साजिश रचने का आरोप था। जुलाई 2021 में उन्हें निलंबित किया गया।

#### कम दृश्यता से बढ़ी मुश्किलें

## खराब मौसम, दिल्ली की 10 उड़ानें डायवर्ट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सुबह कम दृश्यता के कारण विमान परिचालन प्रभावित हुआ। दिल्ली हवाईअड्डे पर आने वाली कम से कम दस उड़ानों के मार्गों में बदलाव किया गया, वहीं कई विमानों के परिचालन में देरी हुई। आईएमडी ने कहा कि दिल्ली ▶▶ शेष पेज 4 पर

### उड़ानों में देरी

खराब मौसम के कारण सुबह सात बजे से नौ उड़ानों को जयपुर भेजा गया है, वहीं एक को लखनऊ की ओर रवाना किया गया। कुछ विमानों के परिचालन में देरी हुई और बाद में दृश्यता की स्थिति में सुधार हुआ।

#### बेचैनी के बाद हुई उल्टियां

## बीएसपी में तीन मजदूर गैस रिसाव से बेहोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में बुधवार को हुए हादसे में तीन ठेका मजदूर गैस रिसाव की चपेट मे आ गए। बीएफ गैस लगने से बेहोश तीनों श्रमिकों को सेक्टर 9 मेन हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। इनमें दो मजदूरों की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रबंधन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। बीएसपी में आज एक बड़ा हादसा टल गया। ब्लास्ट फर्नेस-6 में कैपिटल रिपेयर का कार्य ▶▶ शेष पेज 4 पर



### टल गई बड़ी दुर्घटना

बीएसपी में गैस रिसाव की एक बड़ी दुर्घटना टल गई। दोपहर तीन मजदूरों को गैस लगने की जानकारी मिलते ही ब्लास्ट फर्नेस और आसपास दहशत और हड़कंप मच गया। तीन ठेका मजदूरों के गैस से प्रभावित होने की खबर लगते ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ब्रिटिश लेखिका सामंथा हार्वे को 'ऑर्बिटल' के लिए मिला बुकर पुरस्कार

# छह अंतरिक्ष यात्रियों ने एक दिन में देखा 16 सूर्योदय-सूर्यास्त

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटिश लेखिका सामंता हार्वे ने अपने 'महत्वाकांक्षी और खूबसूरत' उपन्यास 'ऑर्बिटल' के लिए 2024 का बुकर पुरस्कार जीता है। यह 64,000 अमेरिकी डॉलर का साहित्य पुरस्कार जीतने वाला अंतरिक्ष पर आधारित पहला उपन्यास बन गया है। इस साल पुरस्कार के लिए नामित लेखकों में महिलाओं की संख्या अधिक है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 64,000 अमेरिकी डॉलर

हार्वे को 64,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि दी गयी। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान लगाए गए लॉकडाउन के समय यह उपन्यास लिखना शुरू किया था। इससे पहले चार उपन्यास लिख चुकीं और अनिद्रा के बारे में एक संस्करण लिखने वाली हार्वे 2020 के बाद बुकर पुरस्कार जीतने वाली पहली ब्रिटिश लेखिका है।




### 136 पन्नों का उपन्यास

यह उपन्यास महज 136 पृष्ठों का है, जो पुरस्कार जीतने वाली दूसरी सबसे छोटी पुस्तक है। इस पुरस्कार के न्याय मंडल में पुरस्कार विजेता ब्रिटिश भारतीय संगीतकार नितिन साहनी, उपन्यासकार सारा कॉलिन्स, 'द गार्जियन' अखबार के फिक्शन संपादक जस्टिन जॉर्डन और चीनी-अमेरिकी लेखक एवं प्रोफेसर यियुन ली शामिल हैं।

### 2019 के बाद पहली महिला

वह 2019 के बाद से बुकर पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला भी हैं। बुकर पुरस्कार की स्थापना 1969 में हुई थी और यह ब्रिटेन या आयरलैंड में मूल रूप से अंग्रेजी में प्रकाशित उपन्यासों के लिए दिया जाता है। पिछले साल आयरलैंड के लेखक पॉल लिंच ने यह पुरस्कार जीता था।




# अपने पैरों पर खड़े हों, शरद पवार की फोटो-वीडियो न करें इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी अजित पवार गुट को नसीहत दी है। एनसीपी शरद की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एनसीपी अजित पवार अपने पैरों पर खड़ी हो। चुनाव में शरद पवार की फोटो का इस्तेमाल न करें। क्योंकि दोनों पार्टियों के बीच वैचारिक मतभेद हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार सुप्रीम कोर्ट के चक्कर लगाने की जगह चुनाव पर ध्यान दें। कोर्ट ने अजित पवार के वकील बलवीर सिंह से कहा कि अपने कार्यकर्ताओं से कहें कि चुनाव में शरद पवार की फोटो, पुरानी या नई वीडियो क्लिप का उपयोग न करें। अपने कार्यकर्ताओं, नेताओं और चुनाव से जुड़े प्रतिनिधियों के बीच ऑनलाइन सूचना जारी करके ऐसे निर्देश दें। मामले पर सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि हालांकि भारत के लोग बुद्धिमान हैं जो अजित पवार और शरद पवार के बीच अंतर समझते हैं। लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस युग में वह धोखा भी खा सकते हैं।

### खास बातें

- सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार गुट को लगाई फटकार
- दोनों पार्टियों के बीच वैचारिक मतभेद को किया रेखांकित
- मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को की गई है तय





### शरद पवार गुट ने की थी शिकायत

मामले को लेकर शरद पवार गुट की ओर से याचिका दायर की गई थी। इसमें वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा था कि अजित पवार गुट के एक एमएलसी ने समर्थन दिखाने के लिए शरद पवार का एक वीडियो क्लिप वायरल किया था।

### महाराष्ट्र में एमवीए बनाम महायुति

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को होने हैं, सभी 288 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) से मिलकर बना विपक्षी एमवीए गठबंधन राज्य में सत्ता हासिल करना चाहता है, जो महायुति गठबंधन को चुनौती देता है, जिसमें एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल हैं।

### शरद और अजित के बीच विवाद

साल 2022 में एनसीपी के शरद पवार और अजित पवार गुटों के बीच मतभेद हो गया था। इसके बाद चुनाव आयोग ने विधायी बहुमत के आधार पर अजित गुट को आधिकारिक एनसीपी के रूप में मान्यता दी और उसे 'घड़ी' चिन्ह (संयुक्त एनसीपी का मूल प्रतीक) आवंटित किया। शरद पवार गुट ने चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील की। 19 मार्च को कोर्ट ने अजित पवार गुट को कुछ शर्तों के साथ 'घड़ी' चिन्ह का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी। इसमें यह सार्वजनिक घोषणा करना शामिल था कि लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए उनके द्वारा 'घड़ी' चिन्ह का इस्तेमाल कोर्ट में विचाराधीन है, और यह शरद पवार गुट द्वारा चुनाव आयोग के निर्णय को दी गई चुनौती के परिणाम के अधीन है। एसएलपी पर सुनवाई करते हुए पीठ ने अजित पवार गुट से कहा कि वह अपनी प्रचार सामग्री में शरद पवार के नाम और चित्र का इस्तेमाल न करें। 4 अप्रैल को यह निर्देश दिया गया था कि शरद पवार गुट केवल 'एनसीपी (शरद पवार)' नाम और 'तुरहा (तुरही) बजाता हुआ आदमी' चिह्न का उपयोग करेगा। कोर्ट ने कहा, 'दूसरे शब्दों में, आवेदक-याचिकाकर्ता (शरद पवार) या समर्थक घड़ी चिह्न का उपयोग नहीं करेंगे।' महाराष्ट्र चुनाव से पहले शरद पवार ने एक आवेदन दायर कर प्रार्थना की थी कि अजित पवार के पक्ष को 'घड़ी' के अलावा किसी अन्य चुनाव चिन्ह के लिए आवेदन करने को कहा जाए।

## खबर संक्षेप

### पंचायती राज संस्थाओं पर वित्त आयोग सम्मेलन आज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) को अधिक वित्तीय शक्तियां हस्तानांतरण करने को बढ़ावा देने के एक महत्वपूर्ण प्रयास में, पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) आज 14 नवंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में एक दिवसीय वित्त आयोग सम्मेलन, जिसका विषय 'विकास के लिए वित्तीय शक्तियों का विकेन्द्रीकरण' है, का आयोजन करेगा। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को धन के प्रभावी आवंटन में राज्य वित्त आयोगों (एसएफसी) की भूमिका पर चर्चा करने और उसे बढ़ाने के लिए प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाया जाएगा।

### पराली समस्या : पंजाब ने केंद्र से मांगी सब्सिडी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब के बिजली और लोक निर्माण मंत्री स.हरभजन सिंह ईटीओ ने उत्तरी राज्यों में पराली जलाने की समस्या के उचित समाधान के लिए केंद्र से बायोमास पावर प्रोजेक्ट्स के लिए सब्सिडी उपलब्ध करवाने की मांग की है। केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बिजली मंत्रियों के सम्मेलन के दौरान इस मुद्दे पर अपने विचार प्रकट करते हुए पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरभजन ने जोर दिया कि बायोमास पावर प्रोजेक्ट्स के लिए प्रति मेगावाट पाँच करोड़ की सब्सिडी मिलने से पंजाब और उत्तरी भारत के अन्य राज्यों को पराली जलाने के कारण होने वाले प्रदूषण से निपटने में मदद मिलेगी।

### अमेरिका ने हैती जाने वाली उड़ानों पर लगाई रोक

**पोर्ट ऑ प्रिंस (हैती)।** संघीय विमानन प्रशासन ने मंगलवार को घोषणा की कि उसके दो विमानों पर कुछ गिरोहों द्वारा गोली चलाने की घटना के मद्देनजर वह अमेरिकी विमानन कंपनियों को 30 दिन के लिए हैती की उड़ान भरने से रोक देगा। स्पिरिट एयरलाइन्स का एक विमान सोमवार को जब हैती की राजधानी में उतरने वाला था तो गोली लगने से एक विमान कर्मी घायल हो गया और विमानपत्तन को बंद करना पड़ा। वीडियो में विमान के अंदर गोली लगने से हुए छेद देखे जा सकते हैं।

### प्रधानमंत्री ने देवघर में कहा, राज्य की पहचान बदलने की हो रही साजिश


# रातों-रात घुसपैठियों के पक्के कागज बनाए गए : पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶| देवघर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देवघर के सारठ में एक चुनावी जनसभा में कांग्रेस-जेएमएम गठबंधन पर जमकर निशाना साधा और कहा, 'संथाल का ये क्षेत्र भी इस बार नया इतिहास रचने के लिए तैयार है। संथाल में इस बार जेएमएम -कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय है। मोदी ने आगे कहा, 'आज झारखंड की पहचान बदलने की बहुत बड़ी साजिश हो रही है। जेएमएम -कांग्रेस सरकार में बाहर से आए घुसपैठियों को यहां का परमानेंट निवासी बनाने के लिए हर गलत काम किए गए।

इन घुसपैठियों के लिए रातों-रात पक्के कागज बनाए गए। आदिवासी बेटियों को शादी के नाम पर ठगा गया और उनकी जमीन हथिया ली गई। इन घुसपैठियों ने आपसे आपका रोजगार छीन लिया और आपकी रोटी भी छीन ली लेकिन यहां की सरकार का रवैया देखिए। जेएमएम सरकार ने कोर्ट में कह दिया कि झारखंड में कोई घुसपैठ हुई ही नहीं है।' पीएम मोदी ने आगे कहा, 'हां स्थानीय निवासियों को पानी तक मिलना मुश्किल हो गया है, इसलिए इस चुनाव में रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा सबसे बड़ा और अहम मुद्दा है। मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि बीजेपी-एनडीए की सरकार संथाल की और झारखंड की रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं होने देगी।'

### झारखंड की चुनावी सभा



### 'कांग्रेस के इरादे खतरनाक'

मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए दावा किया, 'कांग्रेस के इरादे बहुत खतरनाक हैं। कांग्रेस के शहजादे ने साफ कर दिया है कि वो एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। इनके पिताजी जब कांग्रेस के सर्वे-सर्वा थे, तभी उन्होंने आरक्षण हटाने का ऐलान कर दिया था। लेकिन एससी, एसटी, ओबीसी की एकजुटता के कारण वे तब बुरी तरह चुनाव हार गए। तब से आज तक कांग्रेस को कभी भी केंद्र सरकार में पूर्ण बहुमत नहीं मिला। आज भी जिन राज्यों में एससी, एसटी, ओबीसी की आबादी ज्यादा है, वहां कांग्रेस का पत्ता साफ हो चुका है।' उन्होंने कहा कि इसलिए कांग्रेस ने एक नई साजिश रची है। कांग्रेस ने आपकी आंखों में धूल झोंकने का एक नया खेल खेला है। ये लोग एससी, एसटी, ओबीसी की सामूहिक शक्ति को तोड़ना चाहते हैं, उसे टुकड़े-टुकड़े करना चाहते हैं।

### राहुल की मोहब्बत की दुकान में बंटवारे का सामान : नड्डा



बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पार्टी पर जबरदस्त प्रहार किया है। कर्नाटक सरकार के मंत्री द्वारा कुमारस्वामी पर दिए गए बयान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान में बंटवारे का सामान मिलता है। ऐसे लोगों को जवाब देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो वाली विचारधारा वाले लोग भारत में मौजूद हैं लेकिन हमें देश को मजबूत रखना है। एक स्वस्थ देश के लिए समय – समय पर अच्छी एंटी बायोटिक की जरूरत है। उन्होंने मुंबई में आयोजित इस कार्यक्रम में मौजूद लोगों के संबोधित करते हुए कहा कि 20 नवंबर को आपको ऐसी ही एंटी बायोटिक देनी है।

# मस्क और रामास्वामी की हुई ट्रंप सरकार में एंट्री

### डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी विभाग का करेंगे नेतृत्व



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद डोनाल्ड ट्रम्प सरकार चलाने के लिए अपनी टीम का गठन करने में जुटे हैं। कुछ पदों पर नियुक्तियों के बाद उन्होंने टेस्ला चीफ इलॉन मस्क और भारतवंशी उद्योगपति विवेक रामास्वामी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मस्क और रामास्वामी को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) विभाग का नेतृत्व करेंगे। डीओजीई एक नया विभाग है, जो सरकार को बाहर से सलाह देगा। डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे लेकर बयान जारी किया है। इसके साथ ही ट्रम्प ने अपनी कैबिनेट में फॉक्स न्यूज के होस्ट पीट हेगसेथ को भी जगह दी है। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक उन्हें रक्षा मंत्री बनाया गया है।

### पैसे बर्बाद करने वालों में मचेगा हड़कंप

ट्रम्प ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ये दोनों अद्भुत अमेरिकी मेरे प्रशासन के लिए नौकरशाही को खत्म करने, फिजूलखर्ची में कटौती करने, गैरजरूरी नियमों को खत्म करने और संघीय एजेंसियों के पुनर्गठन का काम करेंगे। ये हमारे 'सेव अमेरिका'एजेंडे के लिए जरूरी है। ट्रम्प बोले- नई व्यवस्था से सरकारी पैसे की बर्बादी करने वाले लोगों में हड़कंप मच जाएगा। रिपब्लिकन नेताओं ने लंबे समय से डीओजीई के मकसद को पूरा करने का सपना देखा है।



### नतीजों के बाद पहली बार मिले बाइडेन और ट्रंप, सत्ता सौंपने पर चर्चा

वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के बाद जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार मुलाकात की। बैठक की शुरुआत में बाइडेन ने ट्रंप का स्वागत किया और दोनों ने ओवल ऑफिस में मुलाकात की। बाइडेन ने ट्रंप से कहा कि वह सत्ता का सुचारू और शांतिपूर्ण हस्तांतरण सुनिश्चित करेंगे और आपको समायोजित करने के लिए वह सब कुछ करेंगे, जो वह कर सकते हैं। इस पर ट्रंप ने जवाब दिया कि यह जितना संभव हो सके उतना सहज होगा। जुलाई तक बाइडेन ट्रंप के प्रतिद्वंद्वी थे, लेकिन रिपब्लिकन नेता के खिलाफ एक खराब बहस के प्रदर्शन ने डेमोक्रेट्स के बीच उनकी मानसिक फिटनेस और दूसरे

### डीओजीआई का होगा यह काम

सरकारी नौकरशाही को खत्म करना, बेकार के खर्च में कटौती करना, गैरजरूरी नियमों को खत्म करना, सरकारी एजेंसियों का रीस्ट्रक्चर।

# गाजा में 46, वहीं लेबनान में 33 लोगों की मौत

### इजराइल की एयर स्ट्राइक



एजेंसी ▶▶| दीर अल-बला

इजराइली सेना द्वारा गत 24 घंटे में किये गए हवाई हमलों में गाजा पट्टी में 46 लोगों की मौत हो गई जबकि लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगर पर मंगलवार को की गई बमबारी में 33 अन्य लोगों की जान चली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गाजा के चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि इलाके के उस क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया जिसे इजराइल ने मानवीय क्षेत्र घोषित किया गया। गाजा में जान गंवाने वाले 46 लोगों में से 11 लोग इसी क्षेत्र के एक अस्थायी कैफेटेरिया में मौजूद थे।

### नवा रायपुर में अगले साल के मई तक होने लगेंगे प्रशासनिक कार्य

# कश्यप का गृह प्रवेश, दिसंबर तक जाएंगे सभी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन, सहकारिता एवं सिंचाई विभाग के मंत्री केदार कश्यप ने नवा रायपुर के सेक्टर-24 के एम-5 मंत्री बंगले में आज विधि विधान से पूजन कर गृह प्रवेश कर लिया। नवा रायपुर में गृह प्रवेश के दौरान उन्होंने सपत्नीक पूजा पाठ करने के बाद नए बंगले में प्रवेश किया। पूजा के कार्यक्रम के दौरान उनके परिवार के लोग मौजूद थे। गृह प्रवेश पर मंत्रिमंडल के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी। साथ ही उनके क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ता और कई पदाधिकारी भी मौजूद थे। श्री कश्यप पहले विधायक कालोनी में निवास कर रहे थे। उन्हें वन कालोनी में एक बंगला का आवंटन हुआ है। अब नवा रायपुर में सर्व सुविधा युक्त बंगले में प्रवेश के बाद उनके कार्यालय और निवास का नया पता यही होगा। नवा रायपुर में इसके पूर्व मंत्री रामविचार नेताम ने गृह प्रवेश कर यहां पर रहना शुरू कर दिया है। यहां पर मंत्रियों को बंगले का आवंटन के बाद अब एक-एक कर मंत्रियों के गृह प्रवेश का सिलसिला शुरू हो गया है। आने वाले दिनों में अन्य मंत्री जिन्हें आवंटन हो चुका है, वे भी शिफ्ट होंगे। नवा रायपुर में विधानसभा भवन और राजभवन के अगले साल के मई तक पूरा होने के बाद यहां पर प्रशासनिक कार्य होने लगेंगे। मंत्रालय, संचालनालय और कई विभागाध्यक्ष कार्यालय यहां पर काम शुरू कर चुके हैं, ऐसे में आने वाले समय में यहां पर मुख्यमंत्री, मंत्री और अफसरों के निवास होने से बसाहट भी बढ़ेगी।



### दिसंबर तक सभी की होगी शिफ्टिंग

बताया जाता है कि सभी मंत्रियों ने संपदा विभाग में बंगला आवंटन के लिए लिखा है। अब तक 6 मंत्रियों को आवंटन दिया जा चुका है। शेष बचे 4 मंत्रियों को इसी माह आवंटन होने की संभावना है। इसके बाद दिसंबर माह तक सभी मंत्रियों की यहां पर याफिटिंग होने की संभावना है। मुख्यमंत्री के यहां के बंगले में काम शुरू करने के साथ ही सभी यहां से ही निवास करने के अलावा अन्य शासकी कार्य करेंगे।

### अफसर भी हो रहे शिफ्ट

नवा रायपुर में अफसरों के लिए 78 बंगले तैयार किए गए है। यहां पर करीब 10 अफसर शिफ्ट हो चुके हैं। अन्य अफसरों को बंगले का आवंटन होने के साथ यहां आएंगे। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री और मंत्रियों के यहां शिफ्ट होने के बाद अफसरों को यहां रहकर काम करने में आसानी होगी।

### पहले चरण में 8 लाख 61 हजार गरीबों को मिल सकेगा आशियाना

# छत्तीसगढ़ को सबसे ज्यादा पीएम आवास का आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

प्रधानमंत्री आवास योजना का सबसे ज्यादा आवंटन इस बार छत्तीसगढ की गरीब जनता के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने किया। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 2024-2025 के लिए कुल 37 लाख 80 हजार पीएम आवास की योजना को आकार दिया जिसमें 22 फीसदी हिस्सेदारी छत्तीसगढ की सुनिश्चित कर दिया। एक साल में छत्तीसगढ में अब गरीब आदिवासी, गरीब अन्य जाति वर्ग के लोगों को 8 लाख 61 हजार आवास मिलेंगे। लंबे समय से पीएम आवास की बाट जोह रहे, अपने खुद के आवास की आस लिये सूबे के गरीबों के लिए ये खबर किसी लॉटरी से कम नहीं। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय चरणबद्ध तरीके से छत्तीसगढ के ऐसे सभी लोगों को पीएम आवास मुहैया कराने की योजना तैयार की है जिनके पास रहने को खुद का आवास नहीं। छत्तीसगढ के बाद महाराष्ट्र को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 6 लाख 37 हजार मकान बना कर दिये जाएंगे। जब कि मप्र के गरीबों के लिए 3 लाख 68 हजार, गुजरात के लिए 2 लाख 99 हजार और बिहार के हिस्से केवल 2 लाख 43 हजार पीएम आवास ही आए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में वर्ष 2016 से 2024 तक देशभर के विभिन्न प्रांतों के गरीबों के लिए कुल 2 करोड 95 लाख आवास बनाने की योजना थी। आंकडे इस बात के गवाही दे रहे हैं कि गत पांच सालों के कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ में पीएम आवास योजना की गति बेहद मद्धिम पडी गत नवंबर महीने तक, यानी पिछले एक साल तक केवल 3.98 फीसदी, यानी 11 लाख 76 हजार पीएम आवास गरीबों के लिए आकार ले पाया।

### डबल इंजन सरकार का असर




### बनेंगे 2 करोड़ आवास

*मंत्रालय के आला अधिकारी ने बताया कि पीएम आवास योजना के दूसरे चरण में 2028-2029 तक कुल 2 करोड आवास अलग अलग राज्यों में बनाये जाएंगे। जिसमें केवल 2024-2025 में 40 लाख आवास गरीबों के लिए बनाये जाएंगे। हर गरीब का छत हो अपना, योजना के तहत केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने छत्तीसगढ, मप्र, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, कर्नाटक, केरल, असम, राजस्थान, ओडिशा, झारखंड, हिमाचल समेत 18 राज्यों के गरीबों के लिए 37 लाख 80 हजार 314 पीएम आवास बनाने का खाका खींचा है।*



रायपुर

गुरुवार, 14 नवंबर 2024

कार्तिक शुक्ल पक्ष त्रयोदशी

वर्ष : 23, अंक : 118

पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00**


मौसम

अधि. 32.5

न्यून. 19.3


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## राहत के साथ बढ़ेंगी मुश्किलें




मदिरा प्रेमियों को शराब उपलब्ध कराने आबकारी विभाग जितनी राहत देने जा रहा है, पुलिस के लिए आने वाले दिनों में उतनी ही मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। इसकी वजह भोजनालय, रेस्टोरेंट, ढाबा में शराब पिलाने की अनुमति देना है। रेस्टोरेंट, ढाबा तथा भोजनालय में शराब पिलाने की सुविधा शुरू होने पर कानून व्यवस्था की समस्या खड़ी हो सकती है। ढाबा, रेस्टोरेंट, भोजनालय में शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध होने से शराब तस्करी पर कुछ हद तक लगाम लग सकती है।

# मनपसंद शराब कहां मिलेगी, एक क्लिक से चलेगा पता, ओवर रेटिंग पर लगेगी लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शराब के शौकीनों के सामने सबसे बड़ी समस्या रहती है, उन्हें उनकी मनपसंद ब्रांड की मदिरा का नहीं मिलना। उनकी इस समस्या को देखते हुए आबकारी विभाग ने मनपसंद एप लांच कर दिया है। एप के माध्यम से शौकीन अपनी पसंद के ब्रांड की शराब ढूंढ सकते हैं। शराब खरीदने के दौरान कीमत को लेकर शॉपकीपर से चिकचिक होती है, उसके लिए एप में ब्रांड के साथ कीमत की जानकारी दी गई है।

आबकारी विभाग द्वारा लांच किए गए मनपसंद एप में मदिरा ढूंढने के ऑप्शन देने के साथ ही उपलब्धता, डिमांड के साथ कांटेक्ट नंबर, शिकायत दर्ज कराने के ऑप्शन के साथ आबकारी विभाग की सूचना का ऑप्शन दिया गया है। सूचना के ऑप्शन में एप को उपयोग करने का तरीका बताया गया है।

एप के माध्यम से मदिरा के बारे में जानकारी मिलने से मदिरा प्रेमियों को अपने पसंदीदा ब्रांड खरीदने भटकना नहीं पड़ेगा। मदिरा प्रेमियों को जहां उनकी पसंदीदा ब्रांड मिलेगा, वहां से वे मदिरा खरीद सकते हैं। इससे सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी। इसके साथ दुकानों में स्टॉक का क्लीयरेंस भी जल्दी होगा।

## दुकानों में ब्रांड की उपलब्धता के साथ संख्या, दर की जानकारी मिलेगी

खास खबर

### दुकानों में भीड़ कम होगी

अब तक की व्यवस्था में मदिरा प्रेमी किसी शराब दुकान में शराब खरीदने के लिए जाता था, तो पसंदीदा ब्रांड नहीं मिलने पर मदिरा प्रेमी विकल्प के रूप में किसी दूसरे ब्रांड का चयन करता था। विकल्प चयन करने में समय लगता है। इसके कारण शराब दुकानों में शराब खरीदने वालों की बेवजह लंबी लाइन लगती थी। मदिरा प्रेमी को जहां उनकी पसंद की मदिरा मिलेगी, ▶▶ शेष पेज 4 पर




### बैठक में हुआ लांच

आबकारी विभाग की सचिव सुश्री आर संगीता की अध्यक्षता में बुधवार को नवा रायपुर स्थित जीएसटी भवन में आबकारी विभाग की बैठक हुई, जिसमें यह एण्ड्राइड मोबाइल बेस्ड एप्लीकेशन मनपसंद लॉन्च किया गया। इस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से से ग्राहक न केवल मदिरा दुकानों में मदिरा की उपलब्धता के ब्राण्ड-लेबल, दुकान, कीमत अनुसार उपलब्ध सर्च ऑप्पन से ऑनलाइन जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस एप्प के ▶▶ शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### टुटेजा और ढेबर को मिली राहत

**बिलासपुर।** शराब घोटाले के मुख्य आरोपियों में शामिल पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और कारोबारी अनवर ढेबर को हाईकोर्ट से राहत मिली है।



दोनों ने खुद को रायपुर जेल में ट्रांसफर किए जाने को लेकर हाइकोर्ट के अपील की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। मामले की सुनवाई जस्टिस अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच में हुई। पिछले ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अवैध घुसपैठ, बांग्लादेशी समेत तीन गिरफ्तार


**रांची।** ईडी ने झारखंड में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़े धनशोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में



तलाशी के दौरान दो बांग्लादेशी नागरिकों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। रोनी मंडल और समीर चौधरी बांग्लादेश के नागरिक हैं जबकि पिंटू हलदर भारतीय नागरिक है। ऐसा संदेह है कि तीनों दलाल हैं।

### जम्मू कश्मीर में 5.2 तीव्रता का भूकंप

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में बुधवार को 5.2 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। हालांकि इस दौरान



जान-माल के किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में था। यह सुबह दस बज कर 43 मिनट के आसपास महसूस किया गया।

### सांबा में जंग लगे हुए मोर्टार के दो गोले मिले

**सांबा/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में बुधवार को एक छोटी नदी के किनारे जंग लगे हुए



मोर्टार के दो गोले मिले, जिसके बाद बम निरोधक दस्ते को इसकी सूचना दी गई। ये गोले बलोल खड्डु में एक ग्रामीण को मिले, जिसने तुरंत पुलिस को सूचित किया और इसके बाद पुलिस की एक टीम ने घटनास्थल का दौरा किया।

### अस्पताल में हेरोइन बेचने का आरोप, कांस्टेबल गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू में एक पुलिस कांस्टेबल को एक अस्पताल परिसर में हेरोइन बेचने के आरोप



में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस कांस्टेबल पर मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गिरोह का सदस्य होने का संदेह है। कांस्टेबल मोहम्मद मुख्तियार के पास से हेरोइन जैसा मादक पदार्थ बरामद किए गए।

## 10 राज्यों की 31 सीटों और एक लोकसभा सीट पर उपचुनाव

# बंगाल में फटा बम, टीएमसी नेता की मौत रायपुर के दक्षिण विस में शांतिपूर्ण मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/कोलकाता/रायपुर

*झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों पर मतदान के साथ 10 राज्यों की 31 विधानसभा और केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव हुए। पश्चिम बंगाल में स्थानीय तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता अशोक शॉ की देशी बम हमले में मौत हो गई। इधर, राजस्थान में एक प्रत्याशी ने एसडीएम को थप्पड़ जड़ दिया। इस बीच, रायपुर की एक मात्र दक्षिण विधानसभा सीट पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। मतगणना 23 नवंबर को होगी।*

पश्चिम बंगाल उपचुनाव के दौरान अशांति की छिटपुट घटनाएं हुईं, जिसमें एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता अशोक शॉ की भाटपारा में एक देशी बम हमले में मौत हो गई। वे टीएमसी के वार्ड अध्यक्ष रह चुके हैं। राजस्थान के देवली-उनियारा सीट पर कांग्रेस से बागी और निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मार दिया। वे समरावता मतदान केंद्र जबरन घुसने की कोशिश कर रहे थे। बिहार के तरारी विधानसभा सीट पर वोटिंग को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गई। दोनों गुटों में हुई मारपीट में 6 लोग घायल हुए हैं। एक युवक का सिर फट गया। पुलिस को यहां फ्लैग मार्च करना पड़ा।

पश्चिम बंगाल के भाटपारा नैहाटी विधानसभा क्षेत्र से सटा हुआ इलाका ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इधर, झारखंड में 43 सीटों पर 64.86 फीसदी मतदान

झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के पहले चरण में 64.86 फीसदी मतदान हुआ। 43 सीटों में सरायकेला-खरसावां जिले में सबसे अधिक वोटिंग हुई है। यहां पांच बजे तक 77.32 फीसदी मतदान हुआ है। बुधवार को 43 में से 10 विधानसभा सीटों पर 70 फीसदी से अधिक वोटिंग हुई है। दूसरे नंबर पर बहरागोड़ा है, जहां 76.15 फीसदी मतदान हुआ है। तीसरे नंबर पर लोहरदगा में 73.21 फीसदी वोटिंग हुई है। पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा सीट पर 72.29फीसदी, राजधानी रांची की मांडर विधानसभा सीट पर 72.13 फीसदी मतदान हुआ है।

### वायनाड लोकसभा में 60.79 फीसदी मतदान



### इसलिए हुए उपचुनाव

10 राज्यों की 31 विधानसभा सीटों में से 28 विधायकों के लोकसभा चुनाव में सांसद बनने खाली हुईं। इसके अलावा दो की असमय मृत्यु और एक के दल बदलने की वजह से उपचुनाव हो रहे हैं। इनमें से 18 सीटें विपक्ष और 11 सीटें एनडीए के पास थीं।

### वायनाड में बूथ पर पहुंचीं प्रियंका

केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर शाम 5 बजे तक 60.69 फीसदी मतदान की खबर है। यहां कांग्रेस की प्रियंका गांधी वाड्रा का मुकाबला भाजपा की नव्या हरिदास और लेफ्ट के सत्यन मोकेरी से है। प्रियंका वायनाड में एक बूथ पर पहुंचीं और लोगों से मिलीं।

### एसडीएम को जड़ा थप्पड़



राजस्थान के टोंक जिले की देवली-उनियारा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने एसडीएम को थप्पड़ मारने की खबर है। दरअसल, इस सीट से नरेश मीणा नाम के प्रत्याशी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में हैं। उन्होंने एसडीएम अमित चौथरी को थप्पड़ मार दिया है। पिछले दिनों नरेश मीणा ने कांग्रेस से बगावत कर दी थी और निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया था। मालपुरा एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल हुआ है। मीणा पुलिस अधिकारियों से भी उलझते हुए दिखाई दिए।

## भाजपा-कांग्रेस चुस्त, वोटर सुस्त, कम वोटिंग ने बढ़ाई उम्मीदवारों की टेंशन

### विधानसभा चुनाव के मुकाबले उपचुनाव में वोटर उदासीन, अब तक का सबसे कम वोटिंग प्रतिशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कम मतदान ने दोनों सियासी दल, भाजपा और कांग्रेस की टेंशन बढ़ा दी है। विधानसभा उप चुनाव में वोट डालने कम वोटर निकले। पिछले चुनाव में 61 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। शहरी इलाका होने के कारण यहां पर पहले भी कम वोटिंग दर्ज की गई है, लेकिन इस बार भाजपा और कांग्रेस ने जिस प्रकार रणनीति बनाई थी, उससे इसके बढ़ने की संभावना थी। मतदान केंद्रों ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जीत-हार का अंतर रहेगा कम

मतदान के प्रतिशत को लेकर अब यह कहा जाने लगा है कि विधानसभा उप चुनाव में जो भी उम्मीदवार जीतेगा, उनकी जीत का मार्जिन कम होने की संभावना है। पिछली बार बृजमोहन अग्रवाल यहां से 67 हजार वोटों से अधिक से जीते थे। कहा जा रहा है कि इस बार जीत हार का अंतर बहुत कम रह सकता है।

### शाम तक केवल 50 फीसदी मतदान

चुनावी मैदान में उतरे 30 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। उनकी किस्मत का फैसला 23 नवंबर को मतगणना के बाद होगा। मतदान शुरू होने के दो घंटे बाद सुबह 9 बजे तक 8.23 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था। शाम 6 बजे तक 50.50 प्रतिशत वोट डाले गए। बताया जाता है कि यह मतदान को अब तक का सबसे कम प्रतिशत है।

## संपत्तियों को ढहाने पर जारी की गाइडलाइन

# बुलडोजर एक्शन पर कोर्ट सख्त, कहा- अफसर नहीं बन सकते जज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाल में चलन में आए 'बुलडोजर न्याय' की तुलना अराजकता की स्थिति से की और देशभर के लिए दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि कारण बताओ नोटिस दिए बिना किसी भी संपत्ति को ध्वस्त नहीं किया जाए। प्रभावितों को जवाब देने के लिए 15 दिन का वक्त दिया जाना चाहिए। पीठ ने अपने 95 पृष्ठ के फैसले में कहा, यदि प्राधिकारी न्यायाधीश की तरह काम करते हैं और किसी नागरिक पर इस आधार पर मकान ढहाने का दंड लगाते है कि वह एक आरोपी है तो यह 'शक्तियों के पृथक्करण' के सिद्धांत का उल्लंघन है। कोर्ट ने कहा कि प्राधिकारी उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना नागरिकों की संपत्ति को ध्वस्त करके उन्हें दंडित नहीं ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सुप्रीम गाइडलाइन

- यदि ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया जाता है, तो अपील करने के लिए समय दें
- बिना कारण बताओ नोटिस के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं की जाएगी
- मालिक को पंजीकृत डाक द्वारा नोटिस भेजा जाएगा और बाहर चिपकाया भी जाएगा
- नोटिस तामील होने के बाद अपना पक्ष रखने के लिए 15 दिन का समय दिया जाएगा.
- तामील होने के बाद कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सूचना भेजी जाएगी
- कलेक्टर और डीएम नगरपालिका भवनों के ध्वस्तीकरण आदि के प्रभारी नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे
- नोटिस में उल्लंघन की प्रकृति, निजी सुनवाई की तिथि और किसके समक्ष सुनवाई तय की गई है, निर्दिष्ट डिजिटल पोर्टल उपलब्ध कराया जाएगा, जहां नोटिस और उसमें पारित आदेश का विवरण उपलब्ध ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 'एक घर का सपना कभी ना छूटे'

न्यायमूर्ति बी आर गवई ने यह रेखांकित करने के लिए प्रसिद्ध कवि प्रदीप की इन पंक्तियों का बुधवार को उल्लेख किया कि हर किसी की इच्छा होती है कि उसका अपना घर हो और वह नहीं चाहता कि यह सपना कभी छूटे। 95 पन्नों के फैसले की शुरूआत न्यायमूर्ति गवई ने कवि की इन पंक्तियों से की, 'अपना घर हो, अपना आंगन हो, इस ख्वाब में हर कोई जीता है, इंसान के दिल की ये चाहत है कि एक घर का सपना कभी ना छूटे। पीठ ने कहा, प्रसिद्ध कवि प्रदीप ने आशियाना के महत्व का वर्णन इस तरह किया है।

## मालगाड़ी के 12 डिब्बे पटरी से उतरे




**हैदराबाद।** तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में एक मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने के कारण 39 यात्री रेलगाड़ियों का परिचालन रद्द करना पड़ा। लौह अयस्क और लोहे की छड़े ले जा रही मालगाड़ी के 12 डिब्बे राघवपुरम और रामागुंडम के बीच पटरी से उतर गए। ट्रेन कर्नाटक के बेल्लारी से गाजियाबाद की ओर जा रही थी। तीन लाइन वाले इस अनुभाग में पटरियों के क्षतिग्रस्त होने से सभी लाइन बाधित हो गईं।

# बाघ की मौत : अब रेंजर पर गिरी गाज, अंबिकापुर अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के वन परिक्षेत्र सोनहत अंतर्गत बीते दिनों बाघ के मौत मामले में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख रायपुर के द्वारा वन क्षेत्रपाल परिक्षेत्र अधिकारी सोनहत वन मंडल कोरिया बैकुंठपुर को अपने पदीय कर्तव्यों में घोर लापरवाही का दोषी पाते हुए उनके विरूद्ध निलंबित करने का आदेश जारी किया गया।

■ अधिकारियों की लापरवाही

वन क्षेत्रपाल परिक्षेत्र अधिकारी सोनहत विनय कुमार सिंह का निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय मुख्य ▶▶ शेष पेज 4 पर


वनपाल-वनरक्षक पर गिरी निलंबन की गाज

### दो वन कर्मी पहले हो चुके सस्पेंड

कोरिया वनमंडल बैकुंठपुर अंतर्गत परिक्षेत्र सोनहत के रामगढ़ सर्किल, बीट गरनई क से लगे हुए असीमांकित वनभूमि कुदरी में खनखापेड नाला के किनारे एक बाघ की मौत हुई थी। इस मामले में पहले ही रमन प्रताप सिंह वनपाल परिक्षेत्र रामगढ़ एवं पितांबर लाल राजवाड़े वनरक्षक बीट प्रभारी गरनई को निलंबित किया जा चुका है।

## बीएसई, सेंसेक्स में लगातार गिरावट, निफ्टी भी नीचे

# डोला शेयर बाजार, दो दिन में डूबे 13 लाख करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बीएसई सेंसेक्स में लगातार दो दिन की गिरावट से निवेशकों की पूंजी 13 लाख करोड़ रुपए घटी है। इस दौरान सेंसेक्स दो प्रतिशत से अधिक नीचे आया है। बीएसई सेंसेक्स दो दिन में 1,805.2 अंक या 2.27 प्रतिशत टूटा है। बुधवार को यह 984.23 अंक या 1.25 प्रतिशत गिरकर 77,690.95 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण दो दिन में 13,07,898.47 करोड़ रुपए घटकर 4,29,46,189.52 करोड़ रुपए रह गया। कारोबारियों के अनुसार, खुदरा महंगाई के अक्टूबर में बढ़कर 14 महीने के उच्चस्तर पर पहुंचने तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली जारी रहने से शेयर बाजार में गिरावट रही। इसके अलावा कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद से कमजोर रहने के बीच एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में बिकवाली हुई।



### सेंसेक्स ने लगाया 984 अंक का गोता

बीएसई सेंसेक्स 984 अंक का गोता लगाकर चार महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। बीएसई सेंसेक्स 984.23 अंक यानी 1.25 प्रतिशत का गोता लगाकर 77,690.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,141.88 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 324.40 अंक यानी 1.36 प्रतिशत लुढ़क कर 23,559.05 अंक पर बंद हुआ।

### कुछ में नुकसान कुछ फायदे में

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक सबसे ज्यादा नुकसान में रहे। दूसरी तरफ टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट और इन्फोसिस के शेयर लाभ में रहे।

### इसलिए आई गिरावट

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों तथा घरेलू मुद्रास्फीति के 14 महीने के उच्चस्तर पर पहुंचने के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। इससे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें धूमिल हुई हैं।

## चिंतन

# ‘बुलडोजर एक्शन’ पर रोक सराहनीय फैसला

देश में कई वर्षों से जारी बुलडोजर एक्शन (बुलडोजर ‘जस्टिस’) पर सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले से कानून के राज पर भरोसा और बढ़ेगा। शासन व प्रशासन के एक अंग द्वारा संगीन जुर्म के आरोपियों या दोषियों के खिलाफ अतिक्रमण को आधार बनाकर लंबे समय से ‘बुलडोजर एक्शन’ को अंजाम दिया जा रहा था। इस एक्शन को अपराध के खिलाफ कार्रवाई के रूप में सरकार के पदेन लोगों की ओर से प्रचारित भी किया जा रहा था, इसके आधार पर राजनीति की भी जा रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के लिए बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाकर कार्यपालिका को उसके अधिकार की सीमा बता दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि कार्यपालिका न्यायाधीश नहीं बन सकती है, कार्यपालक अधिकारी आरोपी को दोषी करार नहीं दे सकते और बिना प्रक्रिया आरोपी का घर तोड़ना असंवैधानिक है। दरअसल, भारतीय कानून में आरोपी को आम नागरिकों की तरह मौलिक, संवैधानिक व कानूनी अधिकार प्राप्त हैं। अगर कोई अपराधी है तो भी न ही उसका घर गिराया जा सकता है और न ही उसके परिवार का उत्पीड़न किया जा सकता है। हाल के वर्षों में कई स्थानीय प्रशासन व सरकारों द्वारा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, दिल्ली, असम आदि राज्यों में बुलडोजर एक्शन के मामले सामने आए हैं। इस हिसाब से उच्चतम न्यायालय का फैसला महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि कार्यपालक अधिकारी किसी नागरिक का घर मनमाने तरीके से सिर्फ इस आधार पर गिराते हैं कि उस पर किसी अपराध का आरोप है तो यह कानून के सिद्धांतों के विपरीत है। किसी का घर छीनना मौलिक अधिकार का हनन है। आरोपी एक व्यक्ति है तो पूरा परिवार दोषी कैसे हो सकता है? अदालत ने दिशानिर्देश दिए हैं कि कारण बताओ नोटिस जारी किए बिना ढहाने की कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी, अपील का समय देना होगा, फिर केस में भी खाली करने का समय देना होगा। ध्वस्तीकरण या तो स्थानीय नगरपालिका के नियमों के अनुसार निर्धारित समय पर उठाए जाएंगे या फिर नोटिस जारी करने के 15 दिन के भीतर उठाए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट भी कर दिया है कि सार्वजनिक जगहों के संबंध में अदालत के निर्देश लागू नहीं होंगे। अदालत के फैसले से साफ है कि सड़क और फुटपाथ बनाने, रेलवे लाइन निर्माण को लेकर किसी अनधिकृत स्ट्रक्चर को गिराया जाता है तो उस पर यह फैसला लागू नहीं होगा। किसी नदी या जलाशय के किनारे अगर कोई अवैध निर्माण हुआ है या फिर किसी कोर्ट के आदेश से ध्वस्तीकरण का आदेश जारी हुआ है तो भी कोर्ट का निर्देश वहां लागू नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्देश जारी किया है। अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालय को उसके समक्ष लंबित किसी भी मामले में पूर्ण न्याय करने के लिए आवश्यक कोई भी ‘डिक्री’ या आदेश पारित करने का अधिकार देता है। सुप्रीम कोर्ट ने 17 सितंबर को एक आदेश जारी कर देशभर में तोड़फोड़ की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी थी। अब इसी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया है। इमारत को ध्वस्त करने वाले बुलडोजर का भयावह दृश्य अराजकता की याद दिलाता है। हमारे संवैधानिक लोकाचार इस तरह के कृत्य के इस्तेमाल की अनुमति नहीं देते हैं। इस तरह से संपत्तियां ध्वस्त करने वाले सरकारी अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। अवैध निर्माण के लिए भी जिम्मेदार अधिकारियों को कानून के कटघरे में खड़ा करना चाहिए।



कॉप-29 सम्मेलन

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# ब्रह्मांडीय सुरक्षा प्राथमिक एजेंडा बने

कॉप सम्मेलनों का महत्व सभी पक्षों को एकजुट करने की उनकी शक्ति में है। यद्यपि कई बार इनमें लिए गए निर्णय जलवायु संकट से निपटने में उतने कामयाब नहीं हो पाते, जितनी उम्मीद की जाती है किन्तु अच्छी बात यह है कि अपनी-अपनी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए देश एकत्रित होते हैं और चुनौतियों को चिन्हित करने की कोशिश करते हैं। इस बार का कॉप दो भागों में बांटा हुआ था- ग्रीन ज़ोन और ब्लू ज़ोन। कॉप-29 के अध्यक्ष देश द्वारा ग्रीन जोन संचालित हुआ जिसमें आम जनता के लिए खुली प्रतिभागिता का अवसर था और दूसरा ब्लू ज़ोन, जिसके जिम्मे प्रबन्धन का काम था और यह ज़िम्मा संयुक्त राष्ट्र ने स्वयं ले रखा था।

साल 2015 याद होगा जब एक ऐतिहासिक जलवायु समझौता पेरिस में हुआ था, जिसमें देशों ने वैश्विक तापमान वृद्धि को औद्योगिक स्तरों से 2 डिग्री सेल्सियस नीचे रखने पर सहमति बनाई थी। यह भी कहा गया था कि इसे 1.5 डिग्री तक सीमित रखने का प्रयास हम समस्त देश करेंगे। कॉप सम्मेलनों का महत्व सभी पक्षों को एकजुट करने की उनकी शक्ति में है। यद्यपि कई बार इनमें लिए गए निर्णय जलवायु संकट से निपटने में उतने कामयाब नहीं हो पाते, जितनी उम्मीद की जाती है किन्तु अच्छी बात यह है कि अपनी-अपनी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए देश एकत्रित होते हैं और चुनौतियों को चिन्हित करने की कोशिश करते हैं। इस बार का कॉप दो भागों में बांटा हुआ था- ग्रीन ज़ोन और ब्लू ज़ोन। कॉप29 के अध्यक्ष देश द्वारा ग्रीन जोन संचालित हुआ जिसमें आम जनता के लिए खुली प्रतिभागिता का अवसर था और दूसरा ब्लू ज़ोन, जिसके जिम्मे प्रबन्धन का काम था और यह ज़िम्मा संयुक्त राष्ट्र ने स्वयं ले रखा था।

इस कॉप-29 में ऐसी कई बातें प्राथमिकता से रखी गयी हैं यथा उत्सर्जन में कटौती के लिए आपात क़दम उठाए जाएं। हर वर्ष उत्सर्जन में 9 फ़ीसदी की कमी लानी होगी और 2030 तक 2019 के स्तर की तुलना में 43 प्रतिशत गिरावट लाना ज़रूरी है। कहा जा रहा है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार करने के लिए यह सबसे स्पष्ट रास्ता है। इसके साथ ही महासचिव की ओर से यह अपील की गई है कि जलवायु संकट की तबाही से लोगों की रक्षा करने के लिए और अधिक उपाय किए जाने होंगे। जलवायु परिवर्तन के अनुरूप ढलने, अनुकूलन आवश्यकताओं और मौजूदा वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता में एक बड़ी खाई है, जोकि 2030 तक बढ़कर 359 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। इस क़िल्लत की कमी का असर आम लोगों के जीवन, फसलों और विकास पर हो रहा है और इसलिए जलवायु वित्त पोषण का स्तर बढ़ाना ज़रूरी है। सबसे अहम बात, वित्त पोषण के लिए एक नए लक्ष्य पर सहमति बनानी होगी, जिसमें रियायती दरों पर सार्वजनिक वित्तीय संसाधनों को बढ़ाना होगा और बहुपक्षीय विकास बैन्कों की कर्ज़ देने की क्षमता में वृद्धि करनी होगी। यह स्पष्ट करना होगा कि सार्वजनिक वित्तीय संसाधनों को किस तरह विकासशील देशों की मदद के लिए इस्तेमाल में लाया जाएगा। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता व जवाबदेही के लिए फ्रेमवर्क तैयार करना अहम होगा। कॉप29 के मंच से संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कई गंभीर बातें की जिसमें यदि उत्सर्जन में गिरावट और अनुकूलन में वृद्धि नहीं हुई, तो हर अर्थव्यवस्था को बड़े स्तर पर इसका दंश झेलना होगा, इसे देशों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। यह गंभीर विषय देशों को समझ आए या न आए लेकिन विभिन्न अकादमिक व जलवायु संबंधी पड़ताल चौकाने वाले आंकड़े दे रहे हैं जिससे कॉप देशों की नीदें हराम हो गई हैं। जैसे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर यूएन शरणार्थी एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्वभर में 12 करोड़ से अधिक लोग जबरन विस्थापन का शिकार हैं, जिनमें से तीन-चौथाई लोग उन देशों में रह रहे हैं, जोकि बढ़ते उत्सर्जनों के असर का सामना कर रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि क़रीब 50 फ़ीसदी विस्थापित उन स्थानों पर हैं, जिन्हें जलवायु



जोखिमों और हिंसक टकराव, दोनों की मार झेलनी पड़ रही है, जिसमें इथियोपिया, हेती, म्यांमार, सोमालिया, सूडान व सीरिया जैसे भूभाग शामिल हैं। कॉप29 ने यह चिंता जाहिर की है कि शरणार्थी समस्याओं से जलवायु समस्याओं को जोड़कर देखा जाना चाहिए और इस पर कारगर कदम उठाए जाने चाहिए।

जलवायु परिवर्तन से प्रभावित विकासशील देशों की सहायता के लिए यह ज़रूरी है कि जलवायु हानि व क्षति कोष में योगदान का स्तर बढ़ाएं। नए जलवायु वित्त पोषण लक्ष्य पर सहमति बनाते हुए कई बार पिछले कई सम्मेलनों में यह कहा गया कि सभी देशों के पास ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती करने और सहनसक्षम समुदायों के निर्माण के लिए पर्याप्त साधन व संसाधन उपलब्ध, ऐसा मकैनिज्म तैयार हों लेकिन इस बार भी सभी ने केवल इसी बात को दुहराया है। इसका मतलब यह हुआ कि गंभीरता जितनी दिखानी चाहिए ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के मुद्दे पर, उतनी गंभीरता है नहीं। विश्व में गर्म होती पृथ्वी और खौलते समुद्र के साथ ग्रीन हाउस गैस की भयावहता को समझने में यदि देशों के नेतृत्व गंभीर नहीं होंगे तो पृथ्वी के जीवन की सतता कब तक रहेगी, यह कह पाना कठिन होगा। ऐसे में, महत्वाकांक्षाओं और प्रतिबद्धताओं को मज़बूत करने, जलवायु विज्ञान प्रगति और संकट के दौरान मानव गतिविधि को सुदृढ़ करने, निर्णायक क़दम उठाकर स्वच्छ तकनीकों में निवेश करने और साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहन के साथ इस जलवायु मुद्दे पर अधिक धन निवेश करने की कोशिश आज पूरे पृथ्वी के लोगों की अपेक्षा बनी हुई है। उफ़नते तूफ़ानों से ध्वस्त होते घर, जंगलों में आग लगने से बर्बाद होते वन, भूमि क्षरण की चुनौतियां, सूखे के कारण नुक़सान, बाढ़, चक्रवात के ख़तरों से बचाव की पुकार आम जनमानस से हो रही है लेकिन बुनियादी ढांचों की जो अपेक्षाएं हैं, वे कैसे तैयार होंगी? क्या अब हम अपने आने वाली पीढ़ी को एक ऐसे भविष्य की ओर धकेलने जा रहे हैं, जो उनके जीवन व स्वप्न को अंधकार के साथ मिलने वाला है? दुनिया के विकास के मापदंड आखिर ऐसी दिशा में एक साथ क्यों नहीं सोचकर रणनीति बना रहे हैं जो हमारे जल, जन, वन के लिए हितकारी हों और तापमान कम करते हुए ब्रह्माण्डीय संतुलन के लिए हों, सवाल यह है। दुनिया के राज्यों के समस्त विकास की संकल्पनाएं यदि ऐसी कार्रवाइयों से जी चुरायेंगी तो वे जितने भी कल्याणकारी होने के दावे कर रहे हों, वे सब असत्य ही होंगे और फलीभूत नहीं होंगे।

कचरे के निराकरण से भी राज्य जूझ रहे हैं। समस्त दारोमदार विकासशील और अविकसित राष्ट्रों पर डाल देने से भी किसी की कार्रवाई सुनिश्चित नहीं हो जाती। यह एक दिखावा है या छल है कि हम अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की जगह दूसरों पर आरोप लगाते रहें। विश्व में सबसे ज्यादा हानि इसी वजह से हो रही है, चाहे देश व देशों के नेतृत्व मानें या न मानें। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम-यूएनईपी की ओर से कहा गया कि कॉप-29 वार्ता के निर्णायक लक्ष्य यही होंगे कि जलवायु वित्त पोषण के लिए एक सामूहिक लक्ष्य निर्धारित किया जाए और ब्राज़ील में 2025 में जलवायु सम्मेलन कॉप-30 जब हो तो उस सम्मेलन को दृष्टिगत अनुकूलन के लिए जलवायु संकल्प लिया जाए। यह ठीक बात नहीं है कि जो जिम्मेदार लोग इकठ्ठा होते हैं वे अंत में संकल्प के साथ समापन कर पाने केरास्ते हो लेते हैं। ऐसे में, अब तो विश्व में अर्थदंड या कोई दंड के लिए भी आम सहमति बननी चाहिए, उन देशों के लिए जो संकल्प के साथ वापस होकर यथोचित परिणाम भी देने में अक्षम रहते हैं। समाधान तो पृथ्वी के लोगों को ही खोजना है चाहे जितना भी देरी कर लें, प्रकृति अपने निर्णय में देरी नहीं करेगी, यदि विनाश के ही रास्ते पर हम चलते रहे।

(लेखक चेयर प्रोफेसर पंजाब केंद्रीय विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।)

## जयंती विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह




# चीन से शिकस्त ने नेहरू को बुरी तरह तोड़ डाला था

स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान अपने जीवन के आठ साल, ग्यारह महीने और सात दिन अंग्रेजों की जेलों में बिताने वाले पं. जवाहरलाल नेहरू के बारे में जब भी चर्चा हो, यह जरूर कहा जाता है कि स्वतंत्रता के बाद वे 16 साल प्रधानमंत्री रहे और ‘आधुनिक भारत के निर्माता’ कहलाये। लेकिन उनके सदमे से भरे अंतिम (खासकर 1962 के चीनी हमले में अपमानजनक पराजय के बाद के) दिन कैसे बीते और 27 मई, 1964 को अपने निधन से पहले उन्होंने कितनी तकलीफें झेलीं, इस बाबत कम ही बात होती है। अलबत्ता, बीबीसी संवाददाता रेहान फजल ने दो साल पहले उनकी पुण्यतिथि पर प्रकाशित अपने एक लेख में लिखा था कि ‘1962 में चीन से हुई लड़ाई ने उनको तोड़कर रख दिया था और उसके सदमे से वे कभी उबर नहीं पाये।’ परिणाम यह हुआ कि ‘उनकी पुरानी शारीरिक ताकत, बौद्धिक कौशल और नैतिक चमक बीते दिनों की बात हो गई और वे निराश व थके हुए से दिखने लगे। उनके कंधे झुक गये और उनकी आंखें भी सोई-सोई सी दिखने लगीं। उनकी चाल में जो तेजी हुआ करती थी, वह भी लुप्त हो गई।’ 1964 आते-आते उनकी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं और गम्भीर हो गईं। इसके बावजूद वे भुवनेश्वर में हो रहे कांग्रेस के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने गये। सम्मेलन के कार्यक्रम में आठ जनवरी, 1964 को उन्हें बोलना था, लेकिन इसके लिए पुकारे जाने पर वे उठे तो डगमगाकर सामने की तरफ इस तरह गिर पड़े कि उठ नहीं पाये। तब वहां उपस्थित उनकी पुत्री इंदिरा गांधी ने सम्मेलन के स्वयंसेवकों व नेताओं के सहयोग से उन्हें उठाया और संभाला। थोड़ी ही देर बाद डॉक्टरों ने जांच की तो पाया कि उनके शरीर का बायां हिस्सा पक्षाघात का शिकार हो गया है। डॉक्टरों की भरसक कोशिशों के बावजूद उन्हें इतना स्वास्थ्य लाभ नहीं हो सका कि वे अपना स्थगित भाषण देने दोबारा सम्मेलन में जा सकें। 12 जनवरी को वे लस्त-पस्त से नई दिल्ली लौट आये तो डॉक्टरों ने उनसे कहा कि बेहतर होगा कि वे दोपहर में भी थोड़ी देर सोने की आदत डाल लें। आम तौर पर वे रोजाना 17 घंटे काम करते थे। दोपहर में सोने के लिए उन्हें इनमें पांच घंटों की कटौती करनी पड़ी। उन्हें इसका लाभ भी मिला। 26 जनवरी तक उनका स्वास्थ्य इतना सुधर गया कि वे गणतंत्र दिवस समारोह में सुभीते से भाग ले पाये। लेकिन जल्दी ही उनकी शक्ति फिर क्षीण होने लगी, जिसके चलते फरवरी में आयोजित संसद के उस साल के पहले सत्र में वे बैठे-बैठे ही भाषण देने को विवश हुए। फिर भी उन्होंने आत्मविश्वास नहीं खोया और गर्मियों तक इतनी शक्ति संचित कर ली कि किसी का सहारा लिए बिना सामान्य दिनचर्या निपटा सकें।

यह उनका आत्मविश्वास ही था कि अपने निधन से महज पांच दिन पहले 22 मई को एक संवाददाता सम्मेलन में (जो उनके जीवन का अंतिम संवाददाता सम्मेलन सिद्ध हुआ) पत्रकारों के बार-बार ‘नेहरू के बाद कौन?’ पूछने पर उन्होंने झिड़कते हुए से कह दिया कि ‘मैं इतनी जल्दी मरने वाला नहीं हूं।’ लेकिन दबे पांव आई मौत ने उनके इस दावे को गलत सिद्ध करके ही दम लिया। उक्त संवाददाता सम्मेलन के अगले दिन वे बेटी इंदिरा के साथ छुट्टी मनाने देहरादून चले गये और 26 मई को लौटे तो जरूरी कामकाज निपटाकर नींद की गोली खाई और सो गये। लेकिन सुबह आंखें खुलीं तो पाया कि उनकी पीठ में बहुत दर्द है। सूचना पाकर डॉक्टर उनके पास पहुंचे तो उनकी हालत गम्भीर हो गई थी। जब तक डॉक्टर कोई उपचार करते, वे बेहोश हो गये। बाद में पता चला कि उनकी बड़ी धमनी फट गई है और पउन्हें फौरन खून चढ़ाना पड़ेगा। जब तक खून चढ़ाया जाता, वे कोमा में चले गये। कुछ रिपोर्टों के अनुसार इसी बीच उन्हें एक और पक्षाघात हुआ, जिसके बाद हृदयाघात से भी गुजरना पड़ा। इसके बाद उन्हें होश में लाने का कोई भी चिकित्सीय उपाय कारगर नहीं सिद्ध हुआ और कोमा में ही दोपहर बाद एक बजकर चवालीस मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ले ली। आकाशवाणी ने दोपहर 2 बजकर 5 मिनट पर देश को उनके निधन की खबर दी तो पूरे देश में शोक की लहर छा गई। गौरतलब है कि उन्होंने वसीयत कर रखी थी कि उनकी अन्त्येष्टि में किसी भी धार्मिक रीति रिवाज का पालन न किया जाये, लेकिन 29 मई को वह हिन्दू रीति से ही सम्पन्न की गई। वैदिक मंत्रोच्चार और ‘द लास्ट पोस्ट’ के बिगुलवादन के बीच उनके 17 साल के नाती संजय गांधी ने उन्हें मुखाग्नि दी। बाद में उनकी वसीयत के अनुसार उनकी अस्थियों को भारतीय वायुसेना के विमानों से देश के सभी राज्यों में गिराया गया-खासकर उन खेतों में जहां किसान काम करते थे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कृष्ण योग के सूत्र



संकलित

दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है। वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं। वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के ‘तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम’ अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं- अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता। कर्म को कृष्ण ऐसा करना कहते हैं, जिसमें कर्ता का भाव है।

# शुभ कार्य तत्काल करो



संकलित

प्रेरणा

कोई स्त्री अपने पिता के यहां से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -‘मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।’ पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा—‘तुम हंसे क्यों ? हंसने की क्या बात थी।!’ पति बोला-‘और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।’! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -‘ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।’ ‘मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।’ पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अभी भी मौका है, हम सुधर जाएं

दिल्ली में जानलेवा साबित होते वायु प्रदूषण पर सर्वोच्च न्यायालय भी गंभीर दिख रहा है। उसने दिल्ली पुलिस को दिल्ली में पटाखे चलाने पर रोक लगाने में नाकामयाब होने पर फटकार लगाई है। लेकिन क्या हम सब डंडे से ही सुधरने वाले हैं? जब हम सब यह जानते हैं कि सर्दियों में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण पटाखे भी हैं तो हम क्यों इन्हें चलाते हैं? सर्दियों में प्रकृति के विरुद्ध जो भी छोटे-छोटे काम किए जाते हैं वो वायु प्रदूषण का कारण भी बनते हैं, क्योंकि शायद सर्दियों में वातावरण में एक कॉल्ड परत बन जाती है जो दूषित हवा को ऊपर नहीं उठने देती, एक दायरे तक सीमित रहती है, और जब तक बारिश न हो तब तक यह प्रदूषित हवा धरती के करीब ही रहती है। इसलिए सर्दियों में त्योहारों या सामाजिक समारोहों में पटाखों का प्रयोग कम से कम, या न ही किया जाए तो अच्छा है। *- सुभाष साहू, कांकेर*

## करंट अफेयर

# लेबनान से होगा संघर्ष विराम? इजरायली रक्षामंत्री की दो टूक


इजरायल ने स्पष्ट कर दिया है कि वह हिजबुल्लाह के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरतेगा। इसके साथ ही उसने लेबनान में सीजफायर की रिपोर्टों को खारिज कर दिया है। इजरायली रक्षामंत्री इजरायल काट्स ने कहाकि वह पूरी ताकत के साथ हिजबुल्लाह पर हमले जारी रखेगा। इतना ही नहीं, काट्ज ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों को लेकर भी बयान दे डाला। इजरायल के पूर्व रक्षामंत्री योव गैलेंट के हटने के बाद काट्ज ने यह पद संभाला है। बता दें कि हमास पर कार्रवाई में इजरायली सेना के रिस्पांस पर योव गैलेंट और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के बीच मतभेद हो गए थे। काट्ज इससे पहले इजरायल के विदेश मंत्री थे। उन्होंने कहाकि जब तक हमारा लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता है, न तो कोई सीजफायर होगा और न ही हिजबुल्लाह को कोई राहत मिलने वाली है। इजरायली सेना जनरल स्टाफ फोरम के साथ मीटिंग में उन्होंने यहां तक कहाकि ईरान के न्यूक्लियर ठिकाने अब बहुत ज्यादा एक्सपोज्ड हैं। उन्होंने कहाकि इजरायल के ऊपर मंडरा रहे किसी भी खतरे को जड़ से मिटाने का वक्त आ चुका है। इससे पहले हिजबुल्लाह ने दावा किया था कि उसके पास इजरायल से सीजफायर का कोई प्रस्ताव नहीं आया है।



## ऑफ बीट

# सप्ताह में 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि जरूरी

व्यायाम आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और विशेष रूप से आपके हृदय के लिए अच्छा है। विशेषज्ञों की राय है कि हमें सप्ताह में 150 मिनट की मध्यम-से-जोरदार शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। शोधकर्ताओं ने पाया कि एक्सेलेरोमीटर मूल्यांकन के बाद छह वर्षों में, जो लोग नियमित रूप से मध्यम से जोरदार गतिविधि करते थे, उनमें गतिहीन लोगों की तुलना में स्ट्रोक, दिल का दौरा, दिल की विफलता और एट्रियल फाइब्रिलेशन कम था। इस अध्ययन का अनोखा निष्कर्ष यह था कि जिन लोगों ने अपनी आधी से अधिक गतिविधि सप्ताहांत में की, उनकी तुलना में उन लोगों के परिणामों में कोई अंतर नहीं था, जिन्होंने इसे पूरे सप्ताह में फैलाकर किया। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कब किया गया था, मध्यम-जोरदार शारीरिक गतिविधि बेहतर हृदय स्वास्थ्य से जुड़ी थी। अध्ययन में, लेखकों ने उन लोगों को ‘सप्ताहांत योद्धा’ कहा, जिन्होंने सप्ताह में 150 मिनट से अधिक की मध्यम-से-जोरदार गतिविधि की। यह लाइक्रा पहने पहाड़ी रास्तों पर साइकिल की सवारी करते हुए या मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों को 90 मिनट की कठिन फुटबॉल खेलने जैसा है।



## ट्रेंड

### महिला बटालियन

राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में मोदी सरकार ने सीआईएसएफ की पहली पूर्ण महिला बटालियन की स्थापना को मंजूरी दे दी है। महिला बटालियन को एक विशिष्ट टुकड़ी के रूप में खड़ा किया जाएगा।

**-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री**



### किसान परेशान

महाराष्ट्र के सोयाबीन और कपास के किसान भाजपा की नीतियों के कारण हताश और निराश हैं। अच्छी उपज के बावजूद सही दाम नहीं मिलने से सोयाबीन के किसान बेहद परेशान हैं। हम सरकार बनाते ही सही दाम देने के लिए रास्ता निकालेंगे

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**



### जोखिम लेना जरूरी

अमेरिका में 80% से अधिक उद्यमी स्व-निर्मित हैं और उन्होंने अपना व्यवसाय शून्य से खड़ा किया है? यह जोखिम लेने को प्रोत्साहित करता है और धन सृजन का मार्ग आसान बनाता है।

**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**



### सच बोलना होगा

लोकतंत्र दुविधा में है क्योंकि समस्या सुलझाने वालों और समस्या झेलने वालों के बीच का अंतर बढ़ता जा रहा है। मजबूत समाज बनाने के लिए हमें सत्ता के सामने सच बोलना होगा।

**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता**



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




# सिंगिंग के लिए हुईं ट्रोल....

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ये हसीना पिछले 6 सालों से एक अदद हिट को तरस रही हैं। वहीं जब फिल्में नहीं चलीं तो इन्होंने सिंगिंग में हाथ आजमाया, लेकिन यहां भी ट्रोल ही हुईं। अब ये यूट्यूबर बन गई हैं। हम जिस अभिनेत्री की बात कर रहे हैं वह कोई और नहीं ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा की कजिन और एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा हैं। 13 साल के अपने पूरे करियर में उनके पास केवल 1 ब्लॉकबस्टर है और अब वह एक यूट्यूब व्लॉगर बन गई हैं। परिणीति चोपड़ा ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म लेडीज वर्सेज रिकी बहल से बॉलीवुड में अपना शानदार डेब्यू किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई करने वाली फिल्म साबित हुई थी। इसके बाद उन्होंने अर्जुन कपूर के साथ इश्कजादे में लीड रोल प्ले किया जो बॉक्स ऑफिस पर उनकी पहली हिट फिल्म थी। इसके बाद एक और हिट, शुद्ध देसी रोमांस आई। इनके बाद अभिनेत्री ने गोलमाल अगेन में अजय देवगन के साथ अपने करियर की पहली और एकमात्र ब्लॉकबस्टर देने से पहले लगातार तीन फ्लॉप फ़िल्में दीं थीं। 2 साल के ब्रेक के बाद परिणीति चोपड़ा ने अमर सिंह चमकीला के साथ कमबैक किया था।



# डोरेमॉन से लेकर शिनचैन तक, किस देश के हैं ये कार्टून कैरेक्टर्स? आज भी करते हैं मनोरंजन

**नई दिल्ली।** भारत में हर साल 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिन बच्चों की सराहना करने और उन्हें स्वीकार करने के लिए मनाया जाता है, क्योंकि वे देश का भविष्य हैं। बच्चों को कार्टून देखना काफी पसंद आता है, 1990 के दशक में टॉम एंड जेरी, जंगल बुक, टेलस्पिन, डोन , डक टेल्स, स्पाइडर मैन, और बैट मैन जैसे कार्टून शो की धूम थी, लेकिन आजकल बच्चे डोरेमोन, शिनचैन और ओगी एंड द कॉकरोचेस देखना पसंद करते हैं। तो आइए जानते हैं कि ये विदेशी कार्टून जो बच्चों की आम जिंदगी का हिस्सा है, इनका ओरिजनल देश कौन सा है।



**डोरेमॉन :** बचपन में हमने डोरेमोन कार्टून जरूर देखा होगा, जिसमें नोबिता अपने भविष्य से आए दोस्त डोरेमोन के साथ मिलकर तमाम परेशानियों को सुलझाता है। ये कार्टून भारत के साथ-साथ दुनिया के कई देशों में भी पॉपुलर है। डोरेमोन और नोबिता की कहानी जिस देश में बेस्ड है, वो जापान है।



**शिन चैन :** जापान का एक फेमस एनिमेटेड शो शिन चैन बच्चों के बीच आज भी काफी पॉपुलर है। इसका हिंदी डब वर्जन मूल कार्टून से ज्यादा लोकप्रिय है। आज भी शो के रिपीटेड एपिसोड्स बच्चों के लिए टेलीकास्ट किए जाते हैं।




**ऑगी ऐंड द कॉकरोचेस :** इस लिस्ट में ऑगी ऐंड द कॉकरोचेस का नाम भी शामिल है। ऑगी ऐंड द कॉकरोचेस फ्रांस का एक एनिमेटेड कार्टून है। इसका निर्माण फ्रांसीसी एनिमेटर और पटकथा लेखक जीन-यवेस रैम बॉड ने किया था। आज भी बच्चे इस कार्टून को बड़े चाव से देखते हैं।



**टॉम एंड जेरी :** आपने 'टॉम एंड जेरी' के बारे में तो सुना ही होगा। ये कार्टून लगभग हर एक बच्चे ने देखा होगा। आज भी बच्चे इसे बड़ी उत्सुकता के साथ देखते हैं। यह कार्टून अमेरिका का है। कार्टून की कहानी टॉम नाम की घरेलू बिल्ली के इर्द-गिर्द घूमती है, जो जेरी नामक चूहे को पकड़ने की लगातार कोशिश करता रहता है।

# सुभाष घई ने लगाई 'ऐतराज 2' पर मुहर

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा जोनस और करीना कपूर खान अभिनीत फिल्म 'ऐतराज' ने 20 साल पूरे कर लिए हैं। वहीं, अब प्रशंसकों के लिए खुशखबरी सामने आई है। ऐसा लगता है कि प्रशंसकों को अब इस फिल्म के सीक्वल भी देखने को मिल सकता है। दरअसल, निर्माता सुभाष घई ने 2004 की फिल्म में प्रियंका चोपड़ा के बोल्ड और खूबसूरत अभिनय की प्रशंसा करते हुए एक पोस्ट शेयर की। उन्होंने उनके यादगार अभिनय की प्रशंसा करते हुए खुलासा किया कि वह इस भूमिका को करने में आशंकित थीं, फिर भी उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ इसे निभाया। उन्होंने उसी पोस्ट में आगे ऐतराज 2 की घोषणा की। अब, उन्होंने पुष्टि की है कि ऐतराज 2 वास्तव में बन रही है और उन्होंने निर्देशक अमित राय को शामिल कर लिया है। उन्होंने कहा, 'मैंने ओह माई गॉड 2 के लेखक-निर्देशक अमित राय से एक शानदार स्क्रिप्ट सुनी है, जिसे अब ऐतराज 2 के रूप में लिखा गया है। हमें विभिन्न स्टूडियो से इतने सारे कॉल आ रहे हैं कि वे फिल्म बनाने में रुचि रखते हैं।



## ऐसी घटनाओं को दिया अंजाम कि सुनकर रह जाएंगे दंग

# इन फिल्मों और सीरीज की तर्ज पर हो रहे अपराध

*नई दिल्ली। सिनेमा समाज का दर्पण है। समाज में हो रही अच्छाई और बुराईयों की झलक अक्सर सिनेमा में नजर आती है। लेकिन, आश्चर्य की बात है कि सिनेमा से आइडिया लेकर अपराधी बड़े-बड़े अपराधों को भी अंजाम दे रहे हैं। सिनेमा को मनोरंजन का माध्यम माना जाता है। यहां से लोग जीवन में कुछ सकारात्मक करने की प्रेरण लेते हैं। लेकिन, चीजें इससे उलट भी हो रही हैं। वेब सीरीज और फिल्में देखकर तमाम अपराधी इसी तर्ज पर दिल दहला देने वाले अपराध कर रहे हैं। हाल ही में एक ऐसा ही हैरान करने वाला मामला उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले के ग्रेटर नोएडा से सामने आया है। पुलिस ने एक फ्लैट में अवैध गांजे की खेती का पर्दाफाश किया है। फ्लैट में उन्नत किस्म के गांजे की खेती की जा रही थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी राहुल इसकी सप्लाई डार्क वेब के जरिए कर रहा था। उसने वेब सीरीज देखकर यह काम किया। इसी तरह का क्राइम 'सास बहू और फ्लेमिंगो' सीरीज में भी दिखाया गया। इससे पहले कई ऐसे मामले हुए हैं, जहां आरोपियों ने किसी फिल्म या सीरीज को देखकर अपराध की साजिश रच डाली।*

### 'दृश्यम' देखकर किया दिल दहला देने वाला अपराध



अक्टूबर 2024 में उत्तर प्रदेश के कानपुर से एक मामला आया, जहां जिम ट्रेनर ने महिला की हत्या कर उसका शव डीएम हाउस कैंपस में दफना दिया था। उसने मामले का पर्दाफाश होने से करीब चार महीने पहले ऐसा किया था। उसने इसका आइडिया अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम' देखकर आया। जिम ट्रेनर ने 'दृश्यम' फिल्म के दोनों पार्ट देख रखे थे। उसने जब अपनी पत्नी की हत्या कर दी और शव को ठिकाने लगाने के बारे में उसने सोचा तो उसे 'दृश्यम' फिल्म की याद आई और उसे आइडिया आया कि अगर वो एकता का शव डीएम हाउस कैंपस में दफना देता है तो पुलिस को इस पर कभी यकीन नहीं होगा।

### 'धूम' से आइडिया लेकर चोरी का प्रयास



इससे पहले सितंबर 2024 में भोपाल के स्टेट म्यूजियम में चोरी की एक बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश रची गई। हालांकि, यह साजिश सफल नहीं हो सकी। एक चोर ने करोड़ों रुपये के मुगलकालीन सिक्के और दूसरे सामान अपने बैग में भर तो लिए, मगर वह 25 फीट ऊंची दीवार नहीं फांद सका और नीचे गिर गया। सवेरा होने पर जब म्यूजिम खुला तो चोर घायल अवस्था में मिला। म्यूजियम कर्मियों ने उसे पुलिस को सौंपा। जांच के दौरान उसने बताया कि वह अपने बेटे के साथ कई बार म्यूजियम आ चुका है, उसके बाद इस घटना को अंजाम देने की कोशिश की थी।

### खोल डाली जाली नोटों की फैक्ट्री



सितंबर 2024 में गुजरात से ऐसा मामला सुनने को मिला। शाहिद कपूर की वेब सीरीज देखकर तो गुजरात के सूरत निवासी दो भाइयों ने नकली नोट छापने की फैक्ट्री ही खोल डाली। दोनों ने शाहिद कपूर की 'फर्जी' वेब सीरीज देखी। इसके बाद यूट्यूब की मदद से नकली नोट तैयार करने का तरीका सीखा। सूरत के दो भाइयों सागर और उसके भाई भावेश ने नकली नोट छापने शुरू किए। पुलिस की नजर से बचने के लिए उन्होंने 100 रुपए के नोट छापने शुरू किए। उन्होंने अपने होजरी के बिजनेस में फायदा न होता देख नकली नोट छापने का फैसला लिया। हालांकि, प्रशासन को जैसे ही भनक लगी, तो छापा पड़ा और दोनों भाइयों को गिरफ्तार किया गया।

### जब युवक ने अपनी पत्नी की कराई हत्या

अगस्त 2024 में मध्य प्रदेश से एक ऐसा मामला सामने आया, जब एक पति ने अपनी ही पत्नी की हत्या की साजिश फिल्मी स्टाइल में रची। वह यह सोचकर निश्चिंत रहा कि फिल्मों की तरह पुलिस उसे भी नहीं पकड़ पाएगी, लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं हुआ। हालांकि, उसने हत्या इतने शातिर तरीके से कराई कि पुलिस को सच तक पहुंचने में दस दिन लग गए। उसने मर्डर को सड़क हादसे का रूप देने के लिए बाकायदा सुपारी दी। मामला मध्य प्रदेश के ग्वालियर का था। खबर आई कि सड़क एक्सीडेंट में एक विवाहित युवती की मौत हो गई। जांच हुई और और सच पता चला तो पुलिस चौंक गई। हत्या को सड़क हादसे का रूप देने के लिए आरोपी पति अजय उर्फ आलोक ने अपने दोस्त को ढाई लाख रुपए दिए थे। हत्या की प्लानिंग क्राइम सीरियल और वेब सीरीज देखकर इतनी फुल प्रूफ तरीके से की गई थी कि दस दिन तक पुलिस इसे एक्सीडेंट ही मानती रही।

# 'द राणा दग्गुबाती शो' 23 नवंबर को होगा रिलीज...




**मुंबई।** राणा दग्गुबाती, अमेजन प्राइम वीडियो के साथ मिलकर अपना टॉक शो 'द राणा दग्गुबाती शो' लॉन्च कर रहे हैं। आगामी टॉक शो से अभिनेता का एक पोस्टर साझा करते हुए, निर्माताओं ने खुलासा किया कि नया शो 23 नवंबर को रिलीज होगा। राणा दग्गुबाती द्वारा होस्ट किए जाने वाले इस शो में आठ एपिसोड होंगे। शो में टॉलीवुड हस्तियों के जीवन की एक अनफिल्टर्ड झलक देखने को मिलेगी। पोस्टर को एक्स पर साझा करते हुए प्राइम वीडियो इंडिया ने कैप्शन में लिखा, 'सितारों को आप जानते हैं, उनकी कहानियों को नहीं। द राणा दग्गुबाती शो, अमेजन प्राइम वीडियो पर।' नए पोस्टर में राणा हमेशा की तरह शानदार दिख रहे हैं। पोस्टर में अभिनेता का कूल अंदाज देखते ही बन रहा है।

# छोटे पर्दे के नन्हें सितारे

## चिल्ड्रेंस डे पर मचाएंगे धमाल!

**मुंबई।** इस बाल दिवस पर हम एंडटीवी के प्रतिभाशाली नन्हें कलाकारों के खास दिन का जश्न मना रहे हैं, जो अपनी बेमिसाल ऊर्जा, भावनाओं और खूबसूरती से हर सीन में जान डाल देते हैं। आयुध भानुशाली, जो 'अटल' में युवा अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभा रहे हैं, ने अपने अभिनय से यह दिखा दिया है कि छोटी उम्र में भी एक नेता की समझ और साहस कितनी गहरी छाप छोड़ सकती है। तेजस्विनी सिंह 'भीमा' में नन्हीं भीमा के रूप में अपनी बहादुरी और न्याय के प्रति मजबूत आदर्शों से दर्शकों का दिल जीत रही हैं। वहीं, 'हप्पू की उलटन पलटन' की शरारती चमची के रूप में ज़ारा वारसी कमाल की कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को हंसाती रहती हैं।

'अटल' में नन्हें अटल का किरदार निभा रहे आयुध भानुशाली ने कहा, 'अटल बिहारी वाजपेयी जी के किरदार को पर्दे पर दिखाना बेहद गर्व की बात है। एक छोटे बच्चे के रूप में उनकी बुद्धिमानी और बहादुरी सचमुच प्रेरणादायक है और मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे व्यक्ति का किरदार कर रहा हूं, जिनका प्रभाव इतना गहरा है। इस चिल्ड्रेंस डे पर मैं खासतौर से इस तरह का दमदार किरदार निभाने का मौका मिलने पर आभारी हूं और मुझे उम्मीद है कि मेरा परफॉर्मेंस उसी तरह से दर्शकों को प्रेरणा देगी, जैसे मुझे प्रेरणा मिली है। मैं सभी लोगों को हैप्पी चिल्ड्रेंस डे कहना चाहूंगा- इस दिन के भरपूर मजे लीजिए और अपने बड़ों से अपना पसंदीदा ट्रीट्स मांगना मत भूलिए (हंसकर)!'





तेजस्विनी सिंह, जोकि 'भीमा' में नन्हीं 'भीमा' का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, 'भीमा का किरदार निभाकर मैंने सीखा कि हिम्मत दिखाना, अच्छा इंसान बनना और सच के लिए खड़े रहना कितना जरूरी है। इस चिल्ड्रेंस डे पर मैं उन सभी को थैंक्यू कहना चाहती हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे ऐसा प्रेरणादायक किरदार निभाने का मौका दिया। आइए इस दिन को और खास बनाते हैं- मैं अपनी नानी के साथ बेकिंग करके कुछ ट्रीट्स बनाऊंगी और उन्हें उन बच्चों के साथ शेयर करूंगी, जो शायद उतने सौभाग्यशाली नहीं हैं। ताकि हम सबके लिए यह चिल्ड्रेंस डे यादगार बन सके!'

ज़ारा वारसी ऊर्फ चमची ने कहा, 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची का किरदार निभाना एक कमाल का अनुभव रहा है। मुझे यह जानकर बहुत अच्छा लगता है कि मेरे परफॉर्मेंस से लोगों के चेहरों पर मुस्कान आती है। कहते हैं न कि हंसी सबसे अच्छा दवा होती है, तो मुझे उम्मीद है कि दर्शक अपना डेली डोज़ ले रहे होंगे और अपने आस-पास भी खुशियां बांट रहे होंगे। इस चिल्ड्रेंस डे पर मैं घर पर अपने कज़न्सि के साथ सेलीब्रेट करूंगी और हम रात में कोई मजेदार मूवी देखने और अपनी मां के हाथों के बने लजीज़ पकवान खाने की योजना बना रहे हैं। मुझे इस दिन का बेसब्री से इंतजार है।'

## टीवी मसाला

# 'केबीसी 16' में छलका 13 साल की हेतवी का दर्द...

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के हालिया एपिसोड में हेतवी पटेल नाम की युवा लड़की को हॉट सीट पर बैठने का मौका मिला। हालांकि, अपने भाई के बारे में भावनात्मक कहानी साझा करते वक्त वह रोने लग जाती हैं। इसके बाद शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने जो किया वह देखने लायक रहा। बिग बी के जेस्चर ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है। प्रशंसक, सदी के महानायक की तारीफें करते नहीं थक रहे हैं। अहमदाबाद की 13 वर्षीय हेतवी पटेल अमिताभ बच्चन को बताती हैं कि उनका एक भाई है, जो कि स्पेशल चाइल्ड है। उनके बारे में बात करते हुए हेतवी कहती हैं, 'मैं चाहती हूं कि मेरे भाई के बहुत सारे दोस्त हों, लेकिन मेरा भाई अनोखा है तो सब उसको इग्नोर करते हैं।' ये बोलने के बाद हेतवी फूट-फूट कर रोने लग जाती हैं। छोटी हेतवी को रोता देखकर बिग बी खुद को रोक नहीं पाते हैं और उन्हें दिलासा देते हुए एक ऐसा जेस्चर अपनाते हैं जिसे देखकर प्रशंसक गदगद हो उठे हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के होस्ट कहते हैं, 'ऐसा मानना गलत होगा कि वो अलग हैं। वो एक विशेष व्यक्ति हैं।' इसके बाद सदी के महानायक हेतवी के आंसू पोंछने के लिए उठते हैं।



# शक्तिमान-शाका लाका बूम बूम-सोन परी को लोग आज भी नहीं हैं भूले...

**नई दिल्ली।** आज 14 नवंबर को बाल दिवस के मौके पर आप भी देखिए ये प्रसिद्ध टीवी शोज, जिन्हें बच्चे और बूढ़े आज भी देखना पसंद करते हैं। इस लिस्ट में वैसे तो कई प्रसिद्ध टीवी शोज हैं, लेकिन उनमें से कुछ ऐसे खास रहे हैं, जिन्होंने बच्चों को ही नहीं, बल्कि बड़ों को भी अपना दीवाना बनाया। इस लिस्ट में शक्तिमान, सोन परी और शाका लाका बूम बूम जैसे टीवी शोज शामिल हैं। सोन परी एक ऐसा टीवी शो जिसने बच्चों को परियों की दुनिया से रुबरु करवाया। या यू कह सकते हैं कि सोन परी भारतीय बच्चों की काल्पनिक साहसिक टेलीविजन सीरीज रही है। सोन परी का प्रसिद्ध शो 2000 से 2006 तक स्टारप्लस पर प्रसारित हुआ। इस टीवी शो में फ्रूटी नाम की एक छोटी लड़की की कहानी को बड़े ही प्यार और जादूई ढंग से दिखाया गया है। शाका लाका बूम बूम एक भारतीय टेलीविजन शो रहा है। यह शो बच्चों पर आधारित है। 24 मिनट की अवधि के इस टीवी शो को हर कोई देखना पसंद करता था। विजय कृष्ण आचार्या ने इस शो का लेखन और निर्देशन किया था। यह टीवी शो 15 अक्टूबर 2000 से डीडी नेशनल चैनल पर प्रसारित हुआ था। शक्तिमान मुकेश खन्ना द्वारा निर्मित एक भारतीय सुपरहीरो टेलीविजन शो है, जो 13 सितंबर 1997 से 27 मार्च 2005 तक डीडी नेशनल पर प्रसारित किया गया।









**स्पेशलः वर्ल्ड डायबिटीज-डे**
**14 नवंबर**

अधिकतर लोग डायबिटीज के बारे में तो जानते हैं। लेकिन लाडा डायबिटीज क्या है, ये किसे हो सकता है, इसके क्या लक्षण हैं और इससे कैसे बचाव संभव है? इस बारे में कम ही लोग जानते हैं। आपको भी इसके बारे में पता होना चाहिए।

# लाडा डायबिटीज यंगस्टर्स रहें कॉन्शस

**अवेयरनेस**

डॉ. अशोक झिंगन
चेयरमैन-दिल्ली डायबिटीज रिसर्च सेंटर, नई दिल्ली



डायबिटीज का एक प्रकार, लाडा डायबिटीज 20-35 साल के अनेक युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है। लाडा डायबिटीज, टाइप-1 और टाइप-2 प्रकार के डायबिटीज के बीच की स्टेज है, जो वयस्कों में बहुत धीरे-धीरे विकसित होती है। इसे टाइप 1.5 डायबिटीज और वैज्ञानिक भाषा में 'लेटेंट ऑटोइम्यून डायबिटीज इन एडल्ट्स' यानी 'लाडा' कहा जाता है। आंकड़ों के मुताबिक दुनिया भर में डायबिटीज के मरीजों में 90 प्रतिशत टाइप 2 डायबिटीज के हैं। 5-10 प्रतिशत मरीज टाइप 1 के होते हैं। एपिडेमियोलॉजिकल स्टडीज के हिसाब से वयस्क लोगों में होने वाली डायबिटीज के 2-12 प्रतिशत मामले लाडा डायबिटीज के होते हैं।

## बरतें सावधानी

इसे नियंत्रित रखने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल जरूरी है।

- हर 3 घंटे में थोड़ी मात्रा में कुछ ना कुछ जरूर खाएं, जिससे एनर्जी लेवल मेंटेन रहे। ज्यादा लंबा गैप आने पर शरीर में शुगर का लेवल बढ़ने लगता है और कमजोरी महसूस होने लगती है।
- डॉक्टर की सलाह पर इंसुलिन शॉट्स लेते रहें, ताकि शुगर कंट्रोल में रहे और जान को खतरा ना हो।
- कोई अन्य बीमारी होने की स्थिति में मरीज को 20 प्रतिशत ज्यादा इंसुलिन लेने की जरूरत होती है क्योंकि कुछ बीमारियों में शुगर लेवल बढ़ जाता है।
- किसी कारणवश उल्टियां हो रही हों, तब भी इंसुलिन की डोज जरूर लेनी चाहिए। खाना ना खा पाएं तो मरीज को जूस या पानी में ग्लूकोज मिलाकर दे सकते हैं।



**क्या है लाडा डायबिटीजः** लाडा, टाइप-1 डायबिटीज की तरह होता है। टाइप-1 में शरीर का इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ने लगता है। शरीर की एंटीबॉडीज पैंक्रिएज ग्लैंड्स के बीटा सेल्स को खत्म करना शुरू कर देती है। इंसुलिन बनना बंद हो जाता है। ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है और पीड़ित व्यक्ति में डायबिटीज के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। लेकिन लाडा में पैंक्रिएज के बीटा सेल्स तकरीबन 20 प्रतिशत बचे रहते हैं और वो इंसुलिन का स्राव करते रहते हैं। जिससे लाडा मरीज को टाइप-1 की तरह शुरू में इंसुलिन लेने की जरूरत नहीं पड़ती। बढ़े हुए ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए उन्हें ड्रग्स दी जाती हैं। पैंक्रिएज के बचे हुए बीटा सेल्स और इंसुलिन के स्राव की प्रक्रिया धीरे-धीरे कम होती जाती है। डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए ली जाने वाली दवाइयों का असर कम होता जाता है। इसे ओरल एंटीडायबिटिक ड्रग (ओएडी) फैल्योर कहा जाता है। तब लाडा ग्रस्त मरीज को इंसुलिन शॉट्स की जरूरत पड़ती है, जो जिंदगी भर चलते हैं।

**क्या है नुकसानः** ब्लड में ग्लूकोज का उच्च स्तर, शरीर के दूसरे अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है। कंट्रोल ना होने पर हार्ट अटैक, नजर का धुंधलापन, नसों को नुकसान, गंभीर इंफेक्शन और किडनी फैल्योर जैसी समस्या हो सकती हैं। आईसीएमआर के आंकड़ों के हिसाब से डायबिटीज के 16.3 प्रतिशत मरीजों को हाइपरटेंशन, 44 प्रतिशत मरीजों को हाई कोलेस्ट्रॉल का खतरा रहता है।

**कैसे पहचानेंः** चूंकि लाडा के लक्षण डायबिटीज के दूसरे प्रकारों के समान होते हैं। इसलिए मरीज में लाडा डायबिटीज की पहचान लक्षणों के आधार पर कर पाना काफी कठिन होता है। बार-बार पेशाब आना, अधिक प्यास लगना, वजन कम होना, चिड़चिड़ापन, पेशाब या शरीर में इंफेक्शन होना, जो लंबे समय तक ठीक नहीं हो पाता। डायबिटीज से पीड़ित लोग, जो दुबले-पतले हैं और शारीरिक रूप से सक्रिय हैं। लेकिन उनका वजन बिना प्रयास के कम हो रहा हो। अगर उन्हें दी जाने वाली दवाइयों का असर धीरे-धीरे कम हो रहा है और इंसुलिन की जरूरत पड़ रही है। ये लक्षण लाडा के हो सकते हैं।

**डायग्नोसिसः** ओरल एंटीडायबिटिक ड्रग (ओएडी) फैल्योर यानी डायबिटीज कंट्रोल की दवाइयां बेअसर होने, साथ ही परहेज और नियमित एक्सरसाइज करने के बावजूद शुगर कंट्रोल नहीं हो रही है तो मरीज को लाडा डायबिटीज के टेस्ट जरूर करवा लेना चाहिए। लाडा जांच के लिए एंटीबॉडी टेस्ट-एंटी गैड, एंटी इंसुलिन और सी-वेपटाइड एंटीबॉडी टेस्ट किए जाते हैं। मरीज के वजन और मेडिसिन के लिए बॉडी-रिस्पांस को देख कर लाडा डायबिटीज का पता लगाया जाता है। पेशेंट की मेडिकल कंडीशन के हिसाब से उपचार किया जाता है।

**क्या है उपचारः** मरीज की स्थिति के हिसाब से इलाज किया जाता है। ब्लड शुगर कंट्रोल करने और नॉर्मल जिंदगी जीने के लिए दिन में इंसुलिन शॉट्स के 2-4 डोज भी लेने पड़ते हैं। ऐसा ना करने पर उसके शरीर में कीटोंस बन जाते हैं, ऐसिटोसिस की स्थिति आ जाती है जिससे उसे बेहोशी आने लगती है, जिंदगी को खतरा भी हो सकता है। *

प्रस्तुतिःरजनी अरोड़ा

**डॉक्टर्स एडवाइस**

डॉ. एस.सी. शर्मा
फॉर्मर सीनियर फिजिशियन
एम्स, नई दिल्ली

डायबिटीज मिलिट्स, जिसे साधारण भाषा में मधुमेह कहा जाता है, एक मेटाबॉलिक रोग है। इसमें पैनक्रिएज ग्लैंड के पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन हार्मोन ना बनाने या निर्मित इंसुलिन के प्रति शरीर की कोशिकाओं के सही प्रतिक्रिया ना करने की वजह से हमारे शरीर में उच्च रक्त शर्करा हो जाती है। हाई शुगर लेवल की वजह से पॉलीयूरिया (बार-बार पेशाब आने), पॉलीडिप्सिया (अत्यधिक प्यास लगने) और पॉलीफागिया यानी भूख बढ़ने जैसी समस्याएं हो जाती हैं।

### रोग की गंभीरता को समझें

डायबिटीज ऐसा रोग है, जो बिना कोई लक्षण दिखाए शरीर में अंदर ही अंदर फैलता रहता है। धीमे जहर के रूप में भी पहचाने जाने वाले इस रोग पर समय रहते नियंत्रण ना किया जाए तो यह कई अन्य बीमारियों का कारण बन जाता है। डायबिटीज के घातक होने के बारे में कोई संशय नहीं है। सावधानी ना बरतने पर यह हृदय रोग की वजह बन सकता है, किडनी क्षतिग्रस्त कर सकता है। चिंताजनक बात यह है कि भारत, विश्व में डायबिटीज की राजधानी बनता जा रहा है और 2025 तक यहां 5 से 7 करोड़ डायबिटीज के रोगी होने की आशंका है। पहले इसे संपन्न लोगों का रोग माना जाता था, लेकिन अब यह समाज के हर तबके को प्रभावित कर रहा है। एक बार डायबिटीज रोग किसी को हो जाए तो वह जीवन भर साथ नहीं छोड़ता। ऐसे में उस पर नजर रखनी जरूरी है और अगर रोग हो जाए तो उसे कंट्रोल में रखा जा सकता है। ग्लूकोमीटर के उपयोग से घर में ही और एक मिनट में ब्लड में शुगर लेवल का पता लगाया जा सकता है।

### डायबिटीज के प्रकार

डायबिटीज के सबसे आम प्रकार हैं टाइप-1, टाइप-2 और प्रेग्नेंसी डायबिटीज।

**टाइप-1 डायबिटीजः** यदि किसी को टाइप-1 डायबिटीज है, तो उस इंसान का शरीर बहुत कम या बिल्कुल भी इंसुलिन नहीं बनाता है। शरीर का इम्यूनिटी सिस्टम, पैंक्रिएज ग्लैंड में इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाओं पर हमला करती है और उन्हें नष्ट कर देती है। टाइप-1 डायबिटीज का निदान आमतौर पर बच्चों और युवा वयस्कों में किया जाता है। हालांकि यह किसी भी उम्र में हो सकता है। टाइप-1 डायबिटीज वाले लोगों को प्रायः हर दिन इंसुलिन लेने की आवश्यकता होती है।

**टाइप-2 डायबिटीजः** अगर किसी व्यक्ति को टाइप-2 डायबिटीज है, तो उसके शरीर की कोशिकाएं इंसुलिन का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाती हैं। पैंक्रिएज ग्लैंड, इंसुलिन तो बना रहा होता है, लेकिन शरीर के ब्लड शुगर के स्तर को सामान्य सीमा में रखने के लिए पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना पाता। ओवर वेटेड और हैवी बॉडी वाले लोगों के अलावा उन लोगों को भी ठाइप-2 डायबिटीज होने की संभावना अधिक होती है, जिनमें डायबिटीज बीमारी होने का पारिवारिक इतिहास रहता है। टाइप-2 डायबिटीज किसी भी उम्र में, यहां तक कि बचपन में भी हो सकता है। वजन कम करके या वजन को बढ़ने से रोककर डायबिटीज-2 के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

**जेस्टेशनल डायबिटीजः** महिलाओं में गर्भावस्था में होने वाले डायबिटीज की प्रसव के बाद खत्म होने की संभावना ज्यादा रहती है लेकिन पचास फीसदी महिलाएं, जीवन भर के लिए डायबिटीज से पीड़ित हो सकती हैं। इसलिए डॉक्टर अब गर्भवती महिलाओं की ब्लड ग्लूकोज की जांच नियम से करवाने लगे हैं। डॉक्टर्स, महिलाओं में होने वाली इस डायबिटीज के लिए पश्चिमी जीवनशैली को जिम्मेदार मानते हैं। उन महिलाओं में, जो मोटापे की शिकार हैं या लगातार डेस्क जॉब में हैं या वे महिलाएं जो 30 साल की उम्र के बाद गर्भवती होती हैं, उनमें जेस्टेशनल डायबिटीज का खतरा ज्यादा होता है। ज्यादातर महिलाएं गर्भावस्था के दौरान अपना ब्लड ग्लूकोज टेस्ट करवाना पसंद नहीं करतीं या फिर शायद वे इस बात से डरती हैं कि कहीं उन्हें ब्लड शुगर तो नहीं है। जेस्टेशनल डायबिटीज से पीड़ित गर्भवती स्त्री के होने वाले बच्चे की सेहत का खतरा हमेशा बना रहता है। बच्चे का वजन ज्यादा हो सकता है। इससे सामान्य प्रसव में उसकी हड्डियों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए ऐसे मामले में डिलीवरी के लिए सर्जरी का सहारा लिया जाता है। मां के खून में जरूरत से ज्यादा ग्लूकोज बच्चे के शरीर में मौजूद छोटे से अग्न्याशय को ज्यादा इंसुलिन बनाने के लिए प्रेरित करता है। डिलीवरी के बाद भी बच्चे के शरीर में यह प्रक्रिया जारी रहती है। शरीर में जरूरत से ज्यादा इंसुलिन बच्चे के न्यूरोलॉजिकल विकास को प्रभावित करता है। डॉक्टरों की राय में सही डाइट और वॉकिंग इस डायबिटीज का बेहतर इलाज है। इसके बावजूद अगर ग्लूकोज का स्तर नीचे नहीं आता, तो मरीज को इंसुलिन का हल्का डोज प्रतिदिन देना पड़ता है।


### डायबिटीज के साइड इफेक्ट्स

इंसुलिन का काम ग्लूकोज की नियंत्रित मात्रा को शरीर के विभिन्न हिस्से में भेजने का होता है। डायबिटीज में इंसुलिन की मात्रा कम होने पर ग्लूकोज अनियंत्रित होकर हृदय, किडनी और आंखों में जमा हो जाता है, जिससे ये अंग भी खराब होना शुरू हो जाते हैं। ध्यान न देने पर व्यक्ति अंधा हो सकता है, किडनी फेल हो सकती है। *

प्रस्तुतिः अजेश कुमार

डायबिटीज एक ऐसा रोग है, जो पूरी दुनिया में लोगों को बहुत तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। अपने देश में भी करोड़ों लोग इससे ग्रस्त है और करोड़ों इसके हाई रिस्क पर हैं। लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए 14 नवंबर को वर्ल्ड डायबिटीज डे मनाया जाता है। इस रोग का कोई ट्रीटमेंट नहीं है लेकिन अपनी लाइफस्टाइल और डाइट में सावधानी बरतकर इससे बचाव किया जा सकता है। इस बारे में विस्तार से जानिए।

# डायबिटीज सुधारें जीवनशैली तभी संभव है बचाव








## बचाव के उपाय

- डाइट का विशेष ध्यान रखें। उसमें 60-70 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट, 15-20 प्रतिशत प्रोटीन और 10-15 प्रतिशत सैचुरेटेड फैट की मात्रा जरूर होनी चाहिए।
- खाने में घी-तेल, नमक और चीनी को सीमित मात्रा में इस्तेमाल करें। यथासंभव रिफाइंड, फास्ट फूड, जंक फूड अवॉयड करें।
- रोजाना ताजे और मौसमी फलों का सेवन जरूर करें। आम, लीची, चीकू जैसे हाई शुगर रिच फलों के बजाय सेब, संतरा, अनार, अमरूद, पपीता, केला आसानी से ले सकते हैं।
- रोजाना कम से कम 30 मिनट व्यायाम या मनपसंद एक्ससाइज जरूर करें।
- हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं और रात को कम से कम 6 घंटे की नींद जरूर लें।
- 40 वर्ष की उम्र के बाद या फैमिली में डायबिटीज की हिस्ट्री है, तो समय-समय पर ब्लड ग्लूकोज की मॉनिटरिंग करवाएं।

## डायबिटिक पेशेंट्स के लिए जरूरी टेस्ट




**खाली पेट** और खाने के बाद खून की जांच से स्थिति स्पष्ट हो जाती है कि डायबिटीज है या नहीं। एक स्वस्थ व्यक्ति में ब्लड ग्लूकोज लेवल फास्टिंग के दौरान 70-110 मिलीग्राम प्रति डीएल ओर खाना खाने के दो घंटे बाद 100-140 मिलीग्राम प्रति डीएल बना रहना चाहिए। डायबिटीज हो तो डॉक्टर किडनी की कंडीशन चेक करने के लिए पेशेंट के ब्लड में यूरिया, क्रिएटिनिन और यूरीन में माइक्रोएलब्यूमिन की जांच कराते हैं। डायबिटीज का असर आंखों पर जांचने के लिए आंखों की जांच की जाती है। हृदय के लिए लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी और छाती का एक्सरे कराया जाता है।

**हेल्थ न्यूज**

# तेजी से बढ़ रहे मधुमेह के रोगी

**मधुमेह, गैर-संचारी** रोगों की विशाल वैश्विक महामारी का एक रोग है। इस बीमारी का दुनिया की 20-79 आयु वर्ग वाली कुल आबादी के 6.6 प्रतिशत (285 मिलियन लोगों) हिस्से पर असर पड़ता है। अंतरराष्ट्रीय मधुमेह संघ (आईडीएफ) के अनुसार वर्ष 2025 तक ये तादाद बढ़कर 380 मिलियन हो जाने की आशंका है। आईडीएफ की जांच से पता चला है कि 2007 में मधुमेह के अधिक रोगियों वाले देशों में भारत (40.9 मिलियन), चीन (39.8 मिलियन), अमेरिका (19.2 मिलियन), रूस (9.6 मिलियन) और जर्मनी (7.4 मिलियन) शामिल थे। आंकड़ों के मुताबिक भारत में 40.9 मिलियन लोग मधुमेह के शिकार हैं- जो दुनिया के मधुमेह बोझ का करीब 15 प्रतिशत है और वर्ष 2025 तक इसके बढ़कर 70 मिलियिन हो जाने का अनुमान है। वीक ग्लूकोज टोलरेंस (आईजीटी) भी भारत में एक गंभीर समस्या है। ऐसा देखा गया है कि ग्लूकोज असहनशीलता का पता लोगों को आमतौर पर नहीं चल पाता है। इसका मतलब यह है कि जोखिम वाली वास्तविक आबादी हमारे अनुमान से कहीं ज्यादा बड़ी है। अपने देश में टाइप-2 मधुमेह, टाइप-1 मधुमेह के मुकाबले ज्यादा कॉमन है। यह लो एक्टिविटी, हाई कैलोरी फूड्स लेने की आदत और व्यायाम कम करने संबंधी जीवनशैली के कारकों की वजह से होता है। भारत में युवाओं में यह रोग बढ़ रहा है। अपने देश में भी इसके होने के कारण वही हैं, जो दुनिया भर में मधुमेह की महामारी के हैं। इसके प्रमुख कारणों में शहरीकरण, कम सक्रिय जीवनशैली, शहरों में रहने वाले लोगों का हाई कैलोरी फैटी और जंक फूड्स की उपलब्धता शामिल हैं। फास्टफूड का प्रचलन तेजी से बढ़ने की वजह से लोगों में इसका रिस्क बढ़ रहा है। निष्क्रियता बढ़ना भी इस रोग का एक अन्य कारण है। ऐसे में कॉन्शस रहना बहुत जरूरी है। *



प्रस्तुतिः अंजू गुप्ता

**मेंटल हेल्थ**

डॉ. ओम प्रकाश
प्रोफेसर-साइकिएट्री एंड डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट, इहबास, दिल्ली

किसी भय या आशंका से जब व्यक्ति एक ही एक्टिविटी बार-बार करता है तो ऐसा ओसीडी की वजह से हो सकता है। क्या है ओसीडी, इसके कारण, लक्षण और उपचार के उपाय, बता रहे हैं डिटेल में।

# ओसीडी का ट्रीटमेंट साइकोथेरेपी है इफेक्टिव



राकेश अकसर स्कूटर चलाते समय दूसरी गाड़ी के पीछे चल देता। जिसका कारण था सामने वाली गाड़ी का नंबर सही से ना समझ आना। जिस कारण उस गाड़ी का सही नंबर जानने के लिए वह पीछा करता दूर तक निकल जाता। कई बार ऐसी परिस्थिति में उसे चोट भी लग जाती। यह जानते हुए कि उसको परेशानी ही होगी, तब भी वह खुद को रोक नहीं पाता। इसी प्रकार श्वेता यह जानते हुए कि घर से बाहर आने पर वह अच्छे से ताला लगाकर आई है फिर भी कई बार जांचना, कई बार तो बीच रास्ते में से ताला देखने वापस आ जाती और ना जा पाने पर घबराहट महसूस करती। अपने विचारों पर काबू पाना उसके लिए बहुत मुश्किल होता। उसकी यह आदत परेशानी का कारण बन रही थी। जिसके बारे में उसने डॉक्टर से चर्चा की तो पता चला कि वह ओसीडी की शिकार है, जिस कारण वह ठीक दिखते हुए भी ठीक नहीं है और उसका जीवन अपनी इस बीमारी के कारण अस्त-व्यस्त हो रहा है।

**ओसीडी क्या हैः** ओसीडी यानी ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर ऐसी स्थिति है जिसमें कोई विचार व्यक्ति की मानसिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित कर देता है। इसमें व्यक्ति अपने विचारों पर अंकुश नहीं लगा पाता और अनचाहे, डरावने विचार उसकी चिंता को बढ़ा देते हैं। जिसे मेडिकल भाषा में ऑब्सशन कहते हैं। वहीं आने वाले विचारों से छुटकारा पाने के लिए हम जो कार्य करते हैं, उसे कंपल्शंस कहा जाता है। जैसे गंदगी के डर से बार-बार हाथ धोना, यह जानते हुए भी कि हाथ साफ हैं फिर भी अपने विचारों पर काबू ना पाते हुए बार-बार हाथ धोते रहना। जर्म्स के डर से घंटों-घंटों तक नहाते रहना। एक ही क्रिया को बार-बार करते रहना और बाद में भी संतुष्टि का एहसास ना होना, ओसीडी कहलाता है। इस बीमारी के कारण कई बार व्यक्ति लोगों से कटा-कटा रहने लगता है। इस स्थिति के कारण व्यक्ति जुनून और मजबूरियों के चक्र में फंस जाता है, जो उसके सोचने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करता है। यदि इसका उपचार ना किया जाए, तो वे रिश्तों, नौकरी के प्रदर्शन, स्कूल के काम और यहां तक कि बुनियादी काम-काज पर भी नकरात्मक प्रभाव डालते हैं।

**ओसीडी के कारणः** ओसीडी के कारणों को अभी पूरी तरह से समझा नहीं गया है, लेकिन कई विशेषज्ञों द्वारा माना गया है कि यह यदि किसी को ओसीडी है तो उसका कारण दिमाग में बिगड़ता सेरोटोनिन केमिकल संतुलन है। सेरोटोनिन हमारे मूड और भावनाओं को नियंत्रित करने का कार्य करता है। जब इसका संतुलन बिगड़ता है तो ऐसी समस्या हो सकती है। साथ ही पारिवारिक इतिहास या बचपन में किसी तनावपूर्ण स्थिति का सामना करना या शारीरिक/मानसिक स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाना भी हो सकता है, जो आगे चलकर ओसीडी में तब्दील हो सकता है।

**किसे है अधिक रिस्कः** किसी भी उम्र का व्यक्ति इस बीमारी से ग्रस्त हो सकता है। लेकिन अधिकतर देखा गया है कि यह समस्या किशोरवस्था में या किशोरवस्था के अंत में शुरू होती है। यह आनुवंशिक बीमारी भी है और महिला या पुरुष दोनों में समान रूप से होने वाली बीमारी है।

**उपचार-बचावः** यदि व्यक्ति में इस प्रकार के लक्षण दिखते हैं तो मानसिक रोग विशेषज्ञ या मनोवैज्ञानिक की सलाह लें क्योंकि इस बीमारी का इलाज समय पर कराना अति आवश्यक है। इसका इलाज लंबा चलता है इसलिए पूरा इलाज अवश्य कराएं। इसके इलाज में कॉग्नेटिव बिहेवियर थेरेपी (सीबीटी) दी जाती है, जिसमें व्यक्ति को उसके विचारों और क्रियाओं को नियंत्रित करना सिखाया जाता है। साथ में एंटीडिप्रेसेंट दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है। नियमित रूप से योग और ध्यान करना, सही डाइट लेना, नकारात्मक विचारों से बचना, अपनी रुचि का काम करना, इससे बचाव और उपचार में कारगर हैं। *

प्रस्तुतिः दीपिका शर्मा

## प्रमुख लक्षण

- चोट लगने का डर सताना।
- शरीर को कीटाणुओं और गंदगी से दूर रखने की चिंता।
- चीजें खोने या भूलने का डर बना रहना।
- हर समय चीजों को व्यवस्थित रखने की चिंता लगे रहना।
- अपने विचारों पर नियंत्रण ना होना।
- सेक्स या हिंसा के बारे में परेशान करने वाले विचारों का आना।



**हेल्थ सजेशन**

शिखर चंद जैन

बुजुर्ग ही नहीं अब तो कम उम्र के लोगों को भी घुटनों का दर्द सताने लगा है। जाड़े में यह समस्या और बढ़ जाती है। ऐसे में राहत पाने के लिए आप अपने डॉक्टर से कंसल्ट कर कुछ उपायों को आजमा सकते हैं।

# जब सताए घुटनों का दर्द

दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग घुटनों के दर्द से परेशान रहते हैं। अमेरिकन एकेडमी ऑफ ऑर्थोपेडिक सर्जंस की डॉ. एलिजाबेथ मेट्जकिन, यूनिवर्सिटी ऑफ उटा हॉस्पिटल एंड क्लिनिक्स के एसोसिएट प्रोफेसर एलेन डी साविट्जके और मेयो क्लिनिक, मिन्नेसोटा के ऑथोपेडिक प्रोफेसर माइकल जे. स्टुवर्ट ने इस समस्या से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं, जो मरीजों के लिए फायदेमंद हैं-

**हीलिंग फूड्सः** फैट फ्री या स्किम्ड मिल्क पीने की आदत से घुटनों में ओरिंटयोआर्थराइटिस का जोखिम घटता है। एक अन्य रिसर्च में पाया गया कि जो लोग रोज विटामिन-सी युक्त फल खाते हैं, उनमें भी ओस्टियोआर्थराइटिस का जोखिम कम होता है। एक नए अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि रोज 510 मि.ग्रा. अदरक का रस सेवन करने पर घुटनों के दर्द से काफी राहत मिलती है।

**स्मार्ट एक्सरसाइजः** फिजिकल एक्टिविटीज, घुटनों के जोड़ को सपोर्ट देने वाली मसल्स को मजबूत करती हैं। लेकिन जिन लोगों को घुटनों में दर्द हो उन्हें दौड़ने और पैरों पर ज्यादा स्ट्रेस देने वाली एक्सरसाइज से बचना चाहिए। इसके बजाय वॉकिंग, साइक्लिंग और क्लोज्ड काइनेटिक चेन एक्सरसाइज ज्यादा फायदेमंद है। घुटनों के दर्द में फायदा देने वाली खास एक्सरसाइज की जानकारी किसी फिजियोथेरेपिस्ट से लेनी चाहिए।

**बर्फ का प्रयोगः** घुटनों में इंज्यूरी हो, दर्द हो या आर्थराइटिस का प्रकोप झेल रहे हों, तो घुटनों के जोड़ों में बर्फ का सेक करना राहतकारी साबित होता है। हर घंटे में 15-20 मिनट तक बर्फ का सेक करने से इन्फ्लेमेशन में आराम मिलता है।

**नॉन स्टेरॉयड दवाएंः** अमेरिकन एकेडमी ऑफ ऑर्थोपेडिक सर्जंस की डॉ. एलिजाबेथ मैट्जकिन कहती हैं कि एसीटामिनोफेन की तुलना में इब्रूप्रोफेन जैसी नॉन स्टेरॉयड इन्फ्लेमेटरी ड्रग्स कहीं ज्यादा असरकारक होती हैं। चिकित्सक की देखरेख में ये दवाएं लेनी चाहिए।

**कोर्टिकोस्टेरॉयड इंजेक्शनः** घुटनों के ज्वाइंट में अगर कोर्टिकोस्टेरॉयड इंजेक्शन सीधा दिया जाए तो अस्थाई रूप से ही सही घुटनों के तेज दर्द में काफी आराम मिल जाता है। *



# जादू टोना के शक में महिला को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बुधवार को पुलिस ने दो मामलों के लेकर खुलासा किया। पहला मामला जादू टोना के शक में महिला की हत्या किए जाने का और दूसरा शादी घर से हजारों के गहने चोरी करने का है। इन मामलों में पुलिस ने दोनों मामलों में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बीते दिनों पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम रायमुड़ा में एक महिला की हत्या हुई थी, जिसे लेकर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया आरती निषाद पति ओमकार निषाद (23 वर्ष) निवासी ग्राम भोथली जिला दुर्ग की एफआईआर में बताया था कि 28 अक्टूबर की रात 10.30 बजे से 29 अक्टूबर की रात 1.30 बजे के मध्य उसकी मां खीरबाई उर्फ राजकुमारी पटेल की किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से गले में प्राणघातक हमला कर हत्या कर दी है। रिपोर्ट पर थाना पटेवा में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।



### हत्या करना स्वीकार किया

पुलिस ने बताया कि मामले में 12 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद आरोपी जीतराम निर्मलकर पिता रामनारायण निर्मलकर (22 वर्ष) निवासी ग्राम झाखरमुड़ा थाना पटेवा जिला महासमुंद से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतका खीरबाई उर्फ राजकुमारी पटेल उसके साथ आए दिन गाली गलौज करती थी और वह जब अपने बच्चो के लिए मृतका की दुकान से जब भी सामान खरीद कर घर ले जाता था तो उसके बच्चे तबियत खराब हो जाती थी। आरोपी ने मृतका पर जादू टोने का शक करते हुए खीरबाई उर्फ राजकुमारी पटेल की हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार कत्तल जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

## कलमीदादर में हत्या की गुत्थी सुलझी, आरोपी गिरफ्तार

**छुरा/रसेला।** ग्राम कलमीदादर में आपसी विवाद के चलते ग्रामीण ने युवक की हत्या कर दी और शव को बाड़ी में छुपा दिया। बाड़ी में बदबू फैलने पर लोगों को जानवर करने के नाम से गुमराह करते रहा। पुलिस ने गवाहों के बयान पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

क्षेत्र के ग्राम कोटवार कलमीदादर में बदबू फैलने से ग्रामीणों ने एक अज्ञात शव के बारे जानकारी पुलिस को दी। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए अज्ञात शव की पहचान कर प्रकरण में संलिप्त व्यक्ति की



शीघ्र गिरफ्तारी करने निर्देश दिए। निर्देश के परिपालन में त्वरित कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक दिलीप मेश्राम थाना प्रभारी थाना छुरा द्वारा कार्यवाही करते हुए सूचनाकर्ता टंकेश्वर सोरी की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कार्रवाई की गई। मामला संदिग्ध होने से फॉरेंसिक युनिट गरियाबंद के उपस्थिति में पुनः घटना स्थल पहुंचकर अज्ञात मृतक का पंचनामा कार्रवाई की गई। मुल घटना स्थल के लगभग 60 फीट की दूरी पर अज्ञात मृतक का सिर व जबड़ा पृथक-पृथक पड़ा मिला व दक्षिण दिशा में गहरा हरा रंग का फुलबांह शर्ट कटा-फटा मिला। अज्ञात मृतक के कपड़े को देखकर ग्राम कोडामाल के रोहित कंवर द्वारा अपने छोटे भाई-रोमन कंवर का ही शव होना पहचान किया। गवाहों द्वारा कथन में टिकेश्वर नेताम को आरोपी बताया गया।

# दो बाइक में भिड़ंत, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम





बीते मंगलवार को तकरीबन शाम 5.45 बजे निकुम सड़क से आलबरस जाते समय श्मशान घाट के पास दो बाइक में जबरदस्त भिड़ंत होने से दोनों मोटर सा य क ल चालकों की मौत हो गई।

■ आलबरस में श्मशान घाट के पास हुई दुर्घटना

राहगीरों ने आनन फानन में डायल 112 को सूचना दी। इससे अंडा पुलिस व संजीवनी एक्सप्रेस से दोनों मृतकों के शव को दुर्ग मरच्युरी पीएम के लिए भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीणों पहुंच गए। वहीं, निकुम व आलबरस में घटना के कारण गांव में सन्नाटा पसर गया। अंडा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम निकुम के मृतक 50 वर्षीय डिलेश्वर साहू अपनी बाइक क्रमांक सीजी 07 एल एन 8937 से निकुम से आलबरस होते हुए निजी काम से दुर्ग की ओर जा रहे। वहीं, आलबरस के 52 वर्षीय सोम साहू अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सी डब्लू 1519 चंद्रखुरी बाजार से सब्जी लेकर घर आलबरस आ रहा था। इसी दौरान दोनों बाइक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों ने हेलमेट नहीं पहना था।

अंडा थाना प्रभारी भानुप्रताप साव ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर अंडा पुलिस पहुंची। पुलिस मर्ग कायम कर घटना के विवेचना में जुटी है।



## कार्यालय नगरपालिका परिषद कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक/655/लो. नि.शा./ न.पा.प./2024-25 कांकेर, दिनांक 13/11/2024

### मेनुअल द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

नगरपालिका परिषद् कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु निर्धारित प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग में प्रचलित सडक / भवन एस.ओ. आर. प्रभावशील दिनांक 01.01.2015 के प्रचलित दर पर निकाय क्षेत्रांतर्गत सी.सी. रोड / आर.सी.सी. नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत डाक/ पोस्ट से त्रि- लिफाफा पद्धति से सीलबंद निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 21.11.2024 समय संध्या 5.00 बजे ।
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 22.11.2024 को समय संध्या 5.00 बजे तक।
3. निविदा प्रपत्र मुहरबंद लिफाफा में जमा करने की तिथि - 29.11.2024 समय संध्या 5.00 बजे तक ।
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 29.11.2024 को समय संध्या 5.30 बजे तक ।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि |
|---|---|---|
| 01 | अधोसंरचना मद से नगरपालिका कांकेर क्षेत्रांतर्गत 15 नग आर. सी. सी. नाली / सी. सी. सड़क निर्माण कार्य । | 109.63 लाख |

टीप - निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है अथवा वेब पोर्टल http://uad.cg.gov.in से डाउन लोड किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् कांकेर


# कार्रवाई का डर नहीं, धधक रहे खेत-खलिहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



चने की खेती को बढ़ावा देने के चक्कर में प्रदूषण का खतरा बढ़ गया है। खेतों की सफाई जल्द करने के चक्कर में किसान पराली सहित खेतों में बिखरे पैरा को आग के हवाले कर रहे हैं। कुछ किसानों पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई भी की है, लेकिन किसानों को कार्रवाई का डर नहीं है।

कृषि विभाग द्वारा खेतों में पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कड़े नियम बनाए गए हैं। इसके बाद भी अंचल में पराली जलाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन पहले ही ग्राम खपरी में एक किसान पर पराली जलाने पर 15000 रूपए का जुर्माना लगाया गया था। दो दिन तक किसान शांत रहे। अब जिस किसान पर जुर्माना लगा है, उसके खेतों के बगल वाले खेत ही धधक रहे हैं। किसानों में कार्रवाई का डर नहीं है। मंगलवार को भी खेतों में पराली जलाने का सिलसिला चलता रहा। कई किसान तो ऐसे हैं, जिनके खेतों के बगल में फसल कटी नहीं है। कुछ किसानों के खेतों के बगल वाले खेत में खरही रखी हुई है। इसके बाद भी किसान अपने खेतों को आग के हवाले कर रहे हैं। आग से पड़ोस के खेतों की फसल तबाह हो सकती है। किसानों को इसका डर नहीं है ।

### सख्ती नहीं, इसलिए किसानों में डर भी नहीं

पराली जलाने को लेकर नियम तो कड़े हैं, लेकिन जिले में कड़ाई नहीं बरती जा रही है। ग्राम खपरी में एक किसान पर जुर्माना लगाया गया। वह भी तब जब उस किसान द्वारा लगाई गई आग से दूसरे किसान का पैरावट जल गया। जिस किसान का पैरावट जला था, उसने शिकायत की थी, जिसके बाद जिला प्रशासन को एक्शन लेना पड़ा। खेतों में आगजनी की घटनाएं रोज हो रही हैं, लेकिन जिला प्रशासन इन घटनाओं पर एक्शन नहीं ले रहा है।

## टैंकर से टकराने से पिकअप चालक की मौत

**महासमुंद।** चिरको पड़ाव के पास टैंकर से टक्कर के बाद मुंबई से भूटान जा रहे पिकअप चालक की मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अनवर पिता मकबूल खान (40) निवासी मालेगांव थाना आजादनगर जिला नासिक (महाराष्ट्र) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 11 नवंबर के शाम करीब 6.30 बजे एनएच 53 रोड चिरको पड़ाव के पास टैंकर ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीई 8970 के चालक द्वारा बिना संकेत दिए लापरवाहीपूर्वक अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रही बोलेरो पिकअप टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई । घटना में पिकअप चालक अंसारी हाफीजू रहमान की मौत हो गई। प्रार्थी अनवर खान की रिपोर्ट पर टैंकर के चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । पुलिस को प्रार्थी ने बताया कि मुंबई से करीबन 15 से 20 सोल्ड बोलेरो पिकअप वाहन को छोड़ने के लिए भूटान जा रहे थे, तभी करीब शाम 7 बजे मेंरे पास फोन आया कि एक सोल्ड बोलेरो पिकअप का एनएच 53 रोड चिरको पड़ाव के पास टैंकर ट्रक के चालक द्वारा बिना संकेत दिए लापरवाहीपूर्वक अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रही बोलेरो पिकअप टकरा गई, जिससे पिकअप चालक को गंभीर चोटें आई।

जिसे सरकारी अस्पताल पिथौरा ले जाया गया है। जब प्रार्थी ने अस्पताल जाकर देखा तो सोल्ड बोलेरो पिकअप का चालक अंसारी हाफीजू रहमान पिता मोहम्मद इमरान (24 वर्ष) निवासी गुलसेर नगर मालेगांव थाना आजादनगर जिला नासिक महाराष्ट्र का शव अस्पताल पिथौरा में था।

# यूपी के शातिरों ने फर्जी दस्तावेज बनवाकर छग पुलिस की नौकरी के लिए किया एप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छग में सरकारी नौकरी पानी के लिए यूपी के दो शातिर ने लगभग पांच माह पूर्व शहर के बहादुरगुड़ा क्षेत्र में किराए के मकान में रहना शुरू किया। इसके बाद कुछ निजी स्कूलों का सर्टिफिकेट तैयार किया और पार्षद से लिखवाकर निवास प्रमाणपत्र भी बनवा लिया।

दोनों ने यूपी के आधारकार्ड में दर्ज निवास का पता भी बदलवा लिया। बोधघाट पुलिस को इसकी भनक लगने के बाद किराए के घर में दबिश देकर दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल ने पत्रवार्ता में बताया कि फर्जी दस्तावेज के माध्यम से छग का निवास प्रमाणपत्र बनाकर सरकारी नौकरी की तलाश करने वाले यूपी के दो आरोपी को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों ने प्रदेश के विभिन्न रिक्त सरकारी पदों में नियुक्ति के लिए आवेदन करने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एससपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्रवाई के लिए टीम गठित किया गया था।

# शादी घर से चोरी करने वाली "फर्जी दुल्हन" गिरफ्तार



**महासमुंद।** शादी घर से चोरी खुलासा करते हुए बताया कि रकम लूटने की नीयत से छद्म दुल्हन और उसके साथियों के द्वारा साजिश रची गई थी। जिसके तहत आरोपियों द्वारा ममता पटेल फर्जी नाम के साथ प्रार्थी की शादी 25 फरवरी 2024 को राधा स्वामी मंदिर सुहेला ओडिशा में कराई गई। इस शादी के एवज में प्रार्थी से तीन लाख रुपए लिए गए। शादी के पश्चात आरोपी ममता पटेल दुल्हन बनकर प्रार्थी के घर आई और मौका देखकर उपहार स्वरूप मिले सोने का लॉकेट एवं चांदी का मंगलसूत्र, चांदी का पायल, एक मोबाइल फोन, कुल कीमत 70,000 रुपए को लेकर भाग निकली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने थाना बसना में अपराध धारा 419, 420, 406, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों की खोजबीन करने के लिए तकनीकी सहायता ली और ओडिशा व छत्तीसगढ के कई संभावित जगहों पर छापेमारी की गई । इस दौरान पता चला कि मास्टर माइंड आरोपी गुप्ता सुनानी उर्फ राकेश पिता अनामा सुनानी निवासी डुगरीगुडा जिला बलांगीर ओडिश और दुल्हन ममता सराफ उर्फ ममता पटेल (फर्जी नाम) पिता पूर्णा बाघ (30 साल) निवासी डोंगरीगुडा जिला बलांगीर ओडिशा को 12 नवंबर को खपराकोल बलांगीर नक्सल प्रभावित इलाके में छिपे हुए हैं। जिन्हें पुलिस अभिरक्षा में लेकर भंवरपुर चौकी लाया गया। पूछताछ के बाद आरोपी गुप्ता सुनानी उर्फ राकेश से मोबाईल फोन एवं ममता बाघ उर्फ ममता पटेल के द्वारा पेश करने पर पहने हुए सोने एवं चांदी के गहनों को जब्त किया गया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपियों के दो अन्य साथी सुदामा पटेल पिता बरत राम पटेल (60 साल) निवासी ग्राम बड़ेगोटला जिला सारंगढ़ और गोरखनाथ दास पिता उदराज दास (40 साल) झिलापाली जिला झारसुकड़ा को भी गिरफ्तार किया गया है।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**डाटा एंट्री ऑपरेटर**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु ग्रेजुएट पास डाटा एंट्री ऑपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 15000/- प्रतिमाह **मो. 8461886239.**(RO-6401)

**ऑपरेटर/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- बिलिंग ऑपरेटर, सेल्स गर्ल, ब्वॉय, हमाल, हेल्पर, टाटा एस कार ड्राइवर, गार्ड की आवश्यकता है। **संपर्क- गोकुल सुपर बाजार, पंडरी कपड़ा मार्केट के पास, रायपुर 74897-70673, 98261-83000.** (RO-193)

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- Hari group हेतु सिक्योरिटी गार्ड - 40, सुपरवाइजर - 05, फील्ड आफिसर (अनुभव 05 वर्ष ) - 03, लेडीज गार्ड - 10, हाउसकीपीग बाई - 10, गनमेंन 05 वेतनमान - 10500 से 15000/- **स्थान - कृष्णा प्लाजा अश्वनी नगर सुन्दरनगर रायपुर मोब - 7509025000, 7909336654.**(RO-5994)

आवश्यकता है- भरोसेमंद सिक्युरिटी व हाउस कीपिंग के लिए संपर्क करें । सिक्युरिटी व हाउसकीपिंग जॉब के लिए लड़के लड़कियों की आवश्यकता है । **सम्पर्क- निरुपमा सिक्युरिटी व हाउसकीपिंग सर्विस मो. 9179159106.**(RO-5993)

आवश्यकता है- सुपरवाइजर 2, सुरक्षा गार्ड 18 लेडी गार्ड 2, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास 1 time भोजन फ्री गार्ड हेतु, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्कः-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 **चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबरः- 7746000016, 7747000019, 7747000016.**(RO-om)

हरिभूमि

**डिलिवरी/ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- कोरियर मे डिलिवरी बाईकर, ड्राइवर एवं आंफिस में कम्प्यूटर कार्यहेतु होशियार लड़के चाहिए। समय 11 से 10 **जीएमएस कोरियर ए-4, पगारिया काम्प्लेक्स, पुराना बसस्टैंड, पंडरी रायपुर 9399676408.**(RO-343)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- प्लास्टिक दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार स्वयं आकर ही **संपर्क करें प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261- 13735 समय 11:00 से 8:00 बजे**(RO-7410)

आवश्यकता है- रेडिमेट कपड़े के दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है, बायोडाटा सहित **सम्पर्क करें - प्रिया ड्रेसेस, मालवीय रोड रायपुर मोबाइल 8839050010, 9584000007.** (RO-4507)

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- थोक कपड़े व्यवसाय में केवल पुरूष अनुभवी सेल्समेन एंव साड़ी, हैंडलूम और सुटिंग शार्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (RO-1647)

**सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- प्लांट सुपरवाइजर की आवश्यकता है । मिलें. **कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी,रायपुर छ.ग.मो नं. 7400700030.** (RO-1785)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**सुरक्षागार्ड**

तत्काल आवश्यकता है- बंगलो एवं ऑफिस मे कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड एवं घरेलु नौकर की अनुभव- 5 से 10 वर्ष उम्र 25 से 35 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.**(RO-3095)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- नर्सिंग स्टाफ, OT टेक्नीशियन ड्रेसर, कंपाउंडर, PRO, (मार्केटिंग) अनुभवी को प्राथमिकता रहने की **सुविधा- कैलाश कांता हॉस्पिटल जोरा रायपुर 9300734153, 0771-2994153.**(RO-1007)

आवश्यकता है- महिमा हॉस्पिटल , उतई भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड- 491107 मे स्टाफ की आवश्यकता हैः- MBBS- 5पद , BSC/ GNM/ ANM (Nursing)- मेल 10- पद/फीमेल 10-पद, ICU इंचार्ज- मेल 10- पद/ फीमेल 10- पद, BAMS Dr.-5 पद ,X Ray Tech.-5 पद, Lab Tech.-5 पद,OT Tech.-5 पद,फ्लोर मैनेजर (12वी पास) - 5पद, Sonologist-2 पद, Radiologist-(MD/DMRD/DNB/DMRE )-2 पद, मेडिकल स्टॉर्स में काम करने हेतु अनुभवी/नये लड़के चाहिए-5 पद, **संपर्क करें- 93031-58018, 75870-08451, 99071-27097** (आरो नं. 6393)

**ड्राइवर**

आवश्यकता है- तेलीबांधा रायपुर के पास ऑटोमेटिक कार चलाने के लिए अनुभवी घरेलू कार ड्राइवर की आवश्यकता है **संपर्क करें- 97541-60228.** (RO-1233)

**फील्ड कार्य**

आवश्यकता है- 12वीं पढ़े स्वयं का वाहन वाले फील्ड स्टाफ 6000/+ पेट्रोल एवं कंप्यूटर एक्सपर्ट ग्रेजुएट लड़की की आवश्यकता है । अधिवक्ता कार्यालय साईं नगर उरला दुर्ग। **संपर्क :- 70009-83043.**(आरो न 625)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़कों एवं लड़कियों की उम्र 18 से 25 वर्ष सैलरी- 6000 से 10500 तक अनुभवी फ्रेशर **संपर्क करें- 9993685150, 895985099. एस.टी. इंटरप्राइजेस भाटागांव पानी टंकी बाजार रायपुर** (RO-6406)

**टैलीकॉलर**

आवश्यकता है- एक प्रतिष्ठित कलेक्शन एजेंसी को निम्नलिखित पदों की आवश्यकता हैं टीमलीडर (फीमेल) एंड टेलिकॉलर(फीमेल) पद 25 सैलरी : 7000-15000 Mail :egenesis.2023@gmail.com, Contact- 9584316317, 9589049626 **हेडऑफिस :- ई-जेनेसिस फाइनेंसियल सोलूशन्स, दक्षिणगंगोत्री सुपेला, भिलाई** (आरो.-SP/891)

**कुक**

आवश्यकता है- टिफिन सेंटर में खाना बनाने के लिए महिला/ पुरुष की आवश्यकता है अनुभवी ही **संपर्क करें टेस्ट आफ पंजाब मारुति रेजिडेंसी रोड गोलछा अपार्टमेंट के सामने अमलीडीह रायपुर 9826162764.**(RO-1008)

**आवश्यकता**

Requirements- CBJ Tech India Pvt Ltd. 3rd floor Brij Tower Sunder Nagar, Raipur Mo- 7880098307, 9755415715 Profile-package (1) Business Development Executive Male- 12000 to 15000 (2) CCTV Installer Male- 8000 to 12000 (3) Receptionist/ Telecaller Female- 7000 to 12000 Qualification- 12th/ Graduation Experience- Fresher & above Location- CG & Odisha (RO-35912)

**सेल्समैन/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- साड़ी शोरूम में काम करने हेतु सेल्समैन एवं अकाउंटेंट कम्प्यूटर ऑपरेटर 2, ड्राइवर 1 की आवश्यकता है, सिर्फ लड़के ही **संपर्क करें:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रायपुर** Mob. 9425216364, 9425522576. (RO-3091)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सर्जिकल आफिस में सामान छोडने, लाने हेतु लडको की आवश्यकता है। योग्यता,10 वी, 12 वी,स्वयं की बाईक अनिवार्य **संपर्क करेः- रामा मेडिटेक ,गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर - 15/A, रायपुर 7089933233.**(RO-200)

**पैकिंग कार्य/सेल्समैन**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) में बंडल खोलने पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एंव सेल्समैन की आवश्यकता एवं बिलिंग (TALLY) के लिए लड़का / लड़की की आवश्यकता है **मोबाइल- 7067048454.** (RO-6403)

**पैकिंग/हेल्पर कार्य**

आवश्यकता है- पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है रूम बिजली की सुविधा फ्री है **सम्पर्क करें- बंजारी मन्दिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534.**(RO-35958)

**अन्य**

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.**(RO-814)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, CALL // WHATSAPP **करे : - 7762065867.**(RO-3083)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G **कंपनी** (SMS SENDING CALLING JOB) **करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त)** NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें :- 9102935834** (RO-3051)

**Astrology ज्योतिष**

ज्योतिष - छत्तीसगढ़िया ज्योतिष विचार दिखाइया "बईगा" सब्बो समस्या के समाधान काली माई के शक्ति से पूजा पाठ लड़ाई- झंझट, जुन्ना बीमारी, बैरीले छुटकारा, बिहाव में देरी, लइका होय में देरी, पढ़ई में मन नई लागय ता एक बार अवश्य मिलव **मो. 8461886239.**(RO-6000)




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**Property प्रापर्टी**

बेचना है- दुर्ग जिले में प्लॉट मकान कृषि भूमि सबसे बढ़िया दाम में बेचने और खरीदने का सबसे भरोसेमंद नाम परिहार प्रोपर्टीज **07389902902, 7389312902 कृपया विवादित सौदे ना लाए।** (आरो.-SPD/829)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## खबर संक्षेप

### शिंदे व गडकरी सहित कई दिग्गजों के खंगाले बैग



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर में कोलगांव हैलिपेड पर बुधवार को इलेक्शन कमीशन के अधिकारियों ने सीएम एकनाथ शिंदे के सामान की चेकिंग की। अधिकारियों ने शिंदे के बैग, ब्रीफकेस और दूसरे सामान को जांचा। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। शिंदे ने अधिकारी से कहा- कपड़े हैं.. अधिकारी ने हां में सिर हिलाया। इसके बाद शिंदे ने कहा- कपड़े हैं, यूरिन पॉट बगैरह नहीं है। शिंदे का यह कमेंट उद्धव के बयान पर तंज माना जा रहा था। शिंदे के अलावा बुधवार को पुणे में केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले के हेलिकॉप्टर की भी जांच की गई। इससे पहले मंगलवार को लातूर में ईसी ने नितिन गडकरी के बैग की चेकिंग की गई थी।

### 200 महिलाओं के साथ दुष्कर्म करने वाले को ईरान ने दी सार्वजनिक फांसी

**तेहरान।** कई महिलाओं के साथ दुष्कर्म करने के दोषी एक ईरानी शख्स को सार्वजनिक रूप से फांसी दी गई। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अक्टूबर में मोहम्मद अली सलामत की मौत की सजा की पुष्टि किए जाने के बाद यह कदम उठाया गया। उसे मंगलवार सुबह हमीदान में मौत की सजा दी गई। फार्मेसी और जिम चलाने वाले 43 साल के सलामत पर 200 महिलाओं ने रेप का आरोप लगाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उसने पिछले 20 वर्षों में ये अपराध किए थे। ईरानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कई मामलों में सलामत ने महिलाओं को शादी का प्रस्ताव देने, डेट करने के बाद उससे दुष्कर्म किया था। उसने कथित तौर पर कुछ लोगों को गर्भपात की गोलियां उपलब्ध कराई थीं, जो ईरान में अवैध हैं।

### भारत और सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों की मध्य द्विपक्षीय बैठक

# रक्षा, आतंकवाद व मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ मिलकर करेंगे दोनों साथ काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर बुधवार को दिल्ली में सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और भविष्य में सहयोग के लिए नए रास्ते तलाशने पर चर्चा की गई। जयशंकर ने कहा कि हमारी साझेदारी प्रगति पर आधारित है और इसका फोकस भविष्य पर है। मुझे खुशी है कि आज हम दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी परिषद के तहत राजनीतिक, सुरक्षा, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग पर आधारित समिति की दूसरी बैठक आयोजित कर रहे हैं। हमारे उच्च स्तरीय संपर्क और बहुपक्षीय मंचों पर समन्वय की गति बहुत अच्छी चल रही है। सऊदी अरब में भारतीय समुदाय के 26 लाख से ज्यादा लोग हैं और मैं आपके नेतृत्व में वहां उनके कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद देता हूं।

**खास बातें**

- रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर हुई विस्तृत चर्चा
- सुरक्षा, व्यापार, निवेश, संस्कृति, पर्यटन में बढ़ाएंगे सहयोग

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि हमारी साझेदारी प्रगति पर आधारित है और इसका फोकस भविष्य पर है। दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी परिषद के तहत राजनीतिक, सुरक्षा, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग पर आधारित समिति की दूसरी बैठक आयोजित कर रहे हैं



#### पश्चिम एशिया की स्थिति चिंताजनक

विदेश मंत्री ने कहा कि आज हमारे पास क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्थितियों पर विचार-विमर्श करने का अवसर है। हम यह भी मानते हैं कि सऊदी अरब की क्षेत्र में स्थिरता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। पश्चिम एशिया की स्थिति खासतौर पर गाजा में चल रहे संघर्ष हमारे लिए गहरी चिंता का विषय है। भारत इस मामले में अपने रुख पर कायम है। हम आतंकवाद और बंधक बनाने की घटनाओं की निंदा करते हैं और निर्दोष नागरिकों की निरंत मौतों से दुखी हैं।

#### नई साझेदारी बनाने का अवसर

जयशंकर ने कहा कि हम लगातार प्रशिक्षण क्षमता निर्माण पर विचार-विमर्श करते रहे हैं और अब हमारा सहयोग रक्षा उद्योग व निर्यात तक बढ़ चुका है। इसके अलावा, सुरक्षा सहयोग में रणनीतिक बढ़ोतरी देखी जा रही है। हम आतंकवाद, कट्टरवाद और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ मिलकर काम कर रहे हैं। सऊदी अरब के 'विजन 2030' और भारत के 'विकसित भारत 2047' दोनों के लिए हमारे उद्योग नई साझेदारी बनाने के अवसर प्रदान करते हैं।

#### भारत के साथ मजबूत संबंध

सऊदी अरब के विदेश मंत्री अल सऊद ने कहा कि मैं यहां दिल्ली में अपने भारत-सऊदी संबंधों को आगे बढ़ाने और सहयोग के नए रास्तों को तलाशने को लेकर बहुत खुश हूं। भारत के साथ हमारे संबंध एक लंबे समय से चल रहे सहयोग और आपसी सम्मान पर आधारित हैं। सदियों से व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साझा इतिहास ने आज हमारे मजबूत और स्थिर संबंधों की नींव रखी है।

#### गहरा हो रहा सहयोग

जयशंकर ने कहा कि हमें खुशी होती है जब हम देखते हैं कि हमारे व्यापार और निवेश में सहयोग गहरा हो रहा है। व्यापार और निवेश हमारी साझेदारी के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और हम इन्हें तकनीकी, उर्जा, नवीकरणीय उर्जा, संपर्क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे नए क्षेत्रों में मजबूत कर रहे हैं।



### केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री पुरी का दावा

# बायोफ्यूल से आयात बिल में 91,000 करोड़ रु. की बचत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि बायोफ्यूल मिश्रण के माध्यम से, देश आयात बिल में 91,000 करोड़ रुपए की बचत कर सकता है और इस पैसे का उपयोग कृषि क्षेत्र के लाभ के लिए किया जा सकता है। मंगलवार को बेंगलुरु में 27वें ऊर्जा प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए, उन्होंने कहा कि भारत ने वैश्विक स्तर पर बायोफ्यूल मिश्रण में दूसरा स्थान हासिल किया है।

#### ग्रीन हाइड्रोजन के लक्ष्य को पाने में सफलता

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जैसे-जैसे हमारी रिफाइनरियां हरित ऊर्जा की ओर बढ़ रही हैं, देश ग्रीन हाइड्रोजन के लक्ष्य को पाने में सफल होगा। मंत्री ने कहा कि भारत की ऊर्जा मांग 2047 तक ढाई गुना बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत की कच्चे तेल शोधन क्षमता 400 से 450 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष तक पहुंच गई है, जो वैश्विक औसत का एक तिहाई है।*


#### भारत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यातक बना

*पुरी ने रिफाइनिंग क्षेत्र में भारत की उल्लेखनीय प्रगति को रेखांकित किया जो 2001 में घाटे की स्थिति से एक वैश्विक रिफाइनिंग केंद्र और उच्च गुणवत्ता वाले पेट्रोलियम उत्पादों का शुद्ध निर्यातक बन गया है। उन्होंने कहा कि 2001 की घाटे की स्थिति से उबरकर देश ने रिफाइनिंग में आत्मनिर्भरता हासिल की है और आज भारत गुणवत्ता वाले पेट्रोलियम उत्पादों का एक प्रमुख निर्यातक बन गया है।*

# महाकुंभ 2025 : पहली बार कई देशों के दिग्गज आकर करेंगे गंगा आरती

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को महाकुंभ की नव्यता, दिव्यता और भव्यता का एहसास कराने की तैयारी में जुटी है। वहीं दुनिया के विशिष्ट लोग भी महाकुंभ में सम्मिलित होने और सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने को लालायित हैं। महाकुंभ में पहली बार इजराइल, अमेरिका और फ्रांस समेत तमाम देशों के दिग्गज गंगा आरती में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं। उनके साथ सेना के जवान भी शामिल होंगे।



#### 1997 में हुई थी गंगा आरती की शुरुआत

हरिहर गंगा आरती समिति रामघाट प्रयागराज के अध्यक्ष सुरेश चंद्रा ने बताया कि काशी के तर्ज पर प्रयागराज में वर्ष 1997 में गंगा आरती की शुरुआत की गई।

#### गंगा आरती में शामिल होंगे विदेशी

सुरेश चंद्रा ने बताया कि भारत के जवानों के साथ इजराइल, अमेरिका, फ्रांस, वियतनाम, इटली, कनाडा और म्यांमार के नामी लोग सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलने भारत आ रहे हैं। ये सभी विदेशी मेहमान यहां की प्रसिद्ध गंगा आरती में शामिल होंगे।

**HIGH COURT OF CHHATTISGARH, BILASPUR**

**NOTICE**

No. 17494 / II-14-1/2023 Dated 25/10/2024
Adv. No. 05/2023 (Court Manager)

The Advertisement No. 05/2023 dated 23/09/2023 published for recruitment to the 14 posts of Court Manager on the establishment of this High Court, is cancelled. Accordingly the applications received against the said advertisement are filed.

By order of Hon'ble the Chief Justice
(Balram Prasad Verma)
Registrar General

G-242503728/2

**मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर**
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302017
पीएचडी कार्यक्रम 2024-25 में प्रवेश

F.4/A-VI-1/24-25/Acad/Ph.D./02

सभी विभागों/केंद्रों में सम सेमेस्टर 2024-25 (जनवरी 2025) के लिए पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अधिक जानकारी के लिए www.mnit.ac.in पर जाएँ। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 नवंबर 2024 है।

पंजीयक

CBC-21312/12/0008/2425

प्रो.नं. 1092/2024 प्र क्र. 02A/2024
पेशी तारीख -06.12.2024

**आम ईश्तहार/नोटिस**

न्यायालय श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश जिला कोरबा (छ.ग.)

रंगलाल आदिले ....... आवेदक/वादी
बनाम
धनीराम वगै ..................अनावेदक/प्रतिवादी

उपरोक्त वादी/आवेदक रंगलाल आदिले ने उत्तरवादी/प्रतिवादी दुवेंजेलिकल ट्रस्ट एशोशिएसन ऑफ नार्थ इंडिया द्वारा डिक्कन एवं मुखत्यार आम प्रेम किशोरनाथ व. स्व जे.एस. नाथ निवासी-सराईपाली तह. सराईपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.) विरुद्ध स्वत्व की घोषणा एवं निषेधाज्ञा तथा कब्जा हेतु न्यायालय श्रीमान(प्र.व्य.न्याया. वरिष्ठ श्रेणी के न्याया. के अति. में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 06.12.2024 तिथि नियत है। अतः उत्तरवादी आम जनता (जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 06.12.2024 को दिन 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी। नोटः-अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 12.11.24 को न्यायालय में मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश जिला कोरबा (छ.ग.)

**कार्यालय अधीक्षक, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़**
नूतन कालोनी, सरकण्डा, बिलासपुर 495001 छत्तीसगढ़, दूरभाष क्र. 07752-296211
Web : gac.bilaspur.gov.in Email:govt.ayurvedcollegebilaspur@gmail.com

क्रमांक / स्टोर / 2024 / 1630-34 बिलासपुर, दिनांक 11/11/2024

**पेंशनर मरीजों के लिए औषधि क्रय हेतु तृतीय निविदा**

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 21/11/2024 सायंकाल 05:00 बजे तक । |
| निविदा फार्म जमा करने हेतु अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 22/11/2024 दोपहर 02:00 बजे तक । |
| निविदा खोलने की निर्धारित तिथि एवं समय | दिनांक 22/11/2024 दोपहर 03:30 बजे । |

**नोट :-** विभागीय शीर्ष संख्या 0210 चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य मद में भारतीय स्टेट बैंक में 500/- रू. चालान के माध्यम से जमा कर चालान की मूल प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर नियम शर्तों सहित निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है।

(डॉ. रक्षपाल गुप्ता)
अधीक्षक
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

G-242503745/1

### 2024 में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचेगा वैश्विक जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन

**वॉशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक नए शोध के मुताबिक भारत का जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन इस साल 4.6 फीसदी बढ़ने का अनुमान है। वहीं चीन में 0.2 फीसदी की मामूली वृद्धि हो सकती है। शोध की रिपोर्ट अजरबैजान के बाकू में संयुक्त राष्ट्र के जलवायु सम्मेलन कॉप29 में प्रस्तुत की गई। इसमें बताया गया है कि जीवाश्म ईंधन से होने वाला वैश्विक कार्बन उत्सर्जन 37.4 अरब टन तक पहुंच सकता है, जो 2023 के स्तर से 0.8 फीसदी की वृद्धि है। इतना ही नहीं, इस साल वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर 422.5 पीपीएम तक पहुंचने का अनुमान है। इससे यह अबतक का सबसे गर्म साल बन सकता है। यह पिछले साल की तुलना में 2.8 पीपीएम अधिक है और औद्योगिक क्रांति से पहले के स्तर से 52 फीसदी अधिक है।

### पेंटागन के गोपनीय दस्तावेज लीक 15 साल की जेल

**बोस्टन।** बोस्टन के एक संघीय न्यायाधीश ने 'मैसाचुसेट्स एयर नेशनल गार्ड' के एक कर्मी को यूक्रेन युद्ध के संबंध में अत्यधिक गोपनीय सैन्य दस्तावेजों को लीक करने के जुर्म में 15 साल की सजा सुनाई है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश इंदिरा तलवानी ने जैक टेक्सेरा को गोपनीय सैन्य दस्तावेजों को लीक करने के जुर्म में सजा सुनाई। टेक्सेरा ने राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी सूचनाओं को जानबूझकर एकत्र करने और प्रसारित करने के छह मामलों में इस साल की शुरुआत में जुर्म कुबूल किया था। सजा सुनाए जाने के दौरान टेक्सेरा संयमित दिखाई दिया। सजा सुनाए जाने से पूर्व उसने अपने कृत्यों के लिए माफी मांगी। टेक्सेरा ने कहा, ''मैं कहना चाहता हूं कि मैंने जो नुकसान पहुंचाया है उसके लिए मैं माफी चाहता हूं।'' साथ ही उसने अपने परिवार, मित्रों और उसके कृत्य से प्रभावित हुए सभी लोगों से माफी मांगी।

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**
जय स्तंभ चौक बेमेतरा
दूरभाष क्र. 07824 - 222019, फैक्स क्र. 07824-222018
Email:- ee.bemetara@gov.in

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित टेन्ट शामियाना हेतु दर आमंत्रण सूचना दिनांक 04.11.2024 को निरस्त कर दिनांक 10.10.2024 को यथावत किया जाता है।

कार्यपालन अभियन्ता लोक निर्माण विभाग बेमेतरा संभाग बेमेतरा

G-242503749/3

**कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**// दावा-आपत्ति //**

1. बच्चे का नाम :- बालक शरद
2. बच्चे का प्राप्ति दिनांक :-21.10.2024
3. संस्था :- सेवा भारती मातृछाया, दुर्ग
4. पता :- बम्बलेश्वरी कालोनी, नरनारायण मंदिर के पास, धनोरा रोड़ बोरसी, दुर्ग (छ.ग.)
4. रंग :- गोरा
5. उम्र :- 07 दिन



उक्त बालक दिनांक 21/10/2024 को बाल कल्याण समिति, दुर्ग के आदेश क्रमांक 499 / बाकस /24-25 दुर्ग दिनांक 21/10/2024 से अस्थाई संरक्षण हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण आभिकरण सेवाभारती दुर्ग (छ.ग.) में रखने हेतु आदेशित किया गया है ।

सर्व संबंधित को जो कि बालक के वैधानिक पालक/ अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते हैं, प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला दुर्ग अथवा विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण सेवाभारती दुर्ग (छ.ग.)) मे दर्ज करा सकते हैं। उक्त समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जावेगी ।

यह विज्ञापन मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला - दुर्ग (छ.ग.)
दूरभाष क्र. 0788-2213363

G-242503725/1

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.**

**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र. ........................../ ब - 121 वर्ष 2024-25
ग्राम - गुल्लू प.ह.नं. 24

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक संस्था छ.ग. स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की ओर से कार्यपालन अभियंता (सिविल पारे) मु. संभाग, रायपुर के द्वारा अपने पत्र क्रमांक कार्य.अभि.सि./ मु.सं./ राय / 1241 रायपुर दिनांक 30.09.2024 के माध्यम से ग्राम गुल्लू प.ह.नं. 53 तहसील आरंग जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 688, 686, 687, 672 का भाग, 673, 674, 675, 676 का भाग, 677 में से विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण हेतु 500 मीटर x 500मीटर भूमि उपलब्धता की सूचना प्रदान की गई है। जिसके आधार पर रायपुर अटल नगर एवं आरंग तथा समीपवर्ती क्षेत्रों मे उच्च गुणवत्ता बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं विद्युत ग्रिड की Stability के दृष्टिगत आरंग स्थित 1232/33 के व्ही. विद्युत उपकेन्द्र को 400 के. व्ही. उपकेन्द्र के रूप में स्थापित करने हेतु न्यूनतम 21 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि का आबंटन कार्यपालन अभियंता (सिविल-पारे) मु. संभाग, छ.ग. स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड रायपुर को किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण भू- आबंटन संबंधी सभी औपचारिताओं की पूर्ति कर प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक25.11.2024 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

S-42104/1 मुहर तहसीलदार आरंग

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A successor company of CSEB) (CIN-U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581E e-mail:ceciviltrans.raipur@cspc.co.in
Fax No. : 0771-2574146 Website : www.cspc.co.in

No.-04-01/Trans./Works/2501 Raipur, dtd. 06.11.2024

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-

**1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/71, Rfx No.-8100039135** Construction of additional 02 No. 220 KV feeder bay at 220 KV S/s Gendpur (kawardha) to accommodate new 220 KV Raipur pool (PGCIL Dhamdha)- Gendpur (Kawardha) DCDS line.; **NIT Value:-** Rs. 65.22 Lakhs **& EMD:-** Rs. 65,300/-, **Completion Period:-** 05 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01 is Rs.5000/- (i/c GST),** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 02.12.2024 for Sl. No.- 01.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.

(D.K. Tuli)
Executive Director (Civil)
CSPTCL, Raipur

//Save Electricity//

**छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**
तृतीय निविदा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ) Website www.cgmsc.gov.in
Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in क्रं/ 9212 /निर्माण/2024 दिनांक 11.11.2024

| स.क्र. | नि.आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | राशि (रू.लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 10169 | जिला दंतेवाड़ा के छोटे करका में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य । | 26.67 |
| | | निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 14/11/2024 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 24/11/2024 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी । | |

S-42085/1 अधीक्षण अभियंता

**Office of The Executive Engineer Cum Member Secretary, Project Implementation Unit No. 01 Jagdalpur, Chhattisgarh Rural Road Development Agency, District Bastar**
Email ID - pmgsy01jagdalpur@gmail.com

**E - Procurement Tender Notice**

**SHORT NOTICE INVITING BIDS**

NIT No. 16 /TS 1630 /CGRRDA/2024 Bastar, Date 08/11/2024

The Executive Engineer, Project Implementation Unit No. 01 Jagdalpur, Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (PMGSY). Chhattisgarh Rural Road Development Agency, Distt. Bastar invites online percentage rate tenders from approved and eligible bidders for following works sanctioned under Special Central Assistance (SCA) in Bastar District of Chhattisgarh State :-

| No. | Block | Name of Work | Estimated Cost (In Lakhs) | No. of Call | SOR Applied |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Darbha | Maintenance of Bhatarimau to Urukpal Road 4.50 Km SR+BT Renewal, slab culvert | 322.78 | 1st call | SOR of PMGSY w.e.f. 22.02.2018 |
| 2 | Darbha | Maintenance of Koleng to Kachiras Road 2.80 Km SR+BT Renewal, slab culvert | 223.98 | 1st call | SOR of PMGSY w.e.f. 22.02.2018 |
| 3 | Lohandiguda | Construction of Retaining wall Badanji Bhadupara Road to Bhadupara Special Repair for damage Portion | 99.37 | 1st call | SOR of PMGSY w.e.f. 22.02.2018 |

Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in. from 12.11.2024 after 17:30 hours.

Nodal officer
(Jila Nirman Samiti)
Executive Engineer,
Project Implementation Unit No. 01 Jagdalpur,
Chhattisgarh Rural Road Development Agency,
District Bastar

S-42093/1

**कार्यालय कलेक्टर, जिला नारायणपुर (छ.ग.)**
**( आदिवासी विकास शाखा)**
दूरभाष नं.- 07781252881 (फैक्स) 299047 Email collector.assttw.narayanpur@gmail.com

**संक्षिप्त विज्ञप्ति**

क्रमांक /3571/आ.वि./रा.यु.उ.यो./प.पू.प्र./2024-25 नारायणपुर, दिनांक- 08/11/2024

अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए "राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019" अंतर्गत एस.एस.सी., बैंकिंग, रेल्वे एवं व्यापम जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु वर्ष 2024-25 में नारायणपुर में परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश लेकर परीक्षा की तैयारी करने इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। चयनित अभ्यार्थियों को नारायणपुर स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में युवा कैरियर निर्माण योजना के तहत हॉस्टल में आवास, लाईब्रेरी, समाचार पत्र, पत्रिका आदि सुविधाए निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

**अभ्यर्थियों के पात्रता हेतु अर्हताएंः-**

(1) आवेदक छ.ग. राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
(2) आवेदक भारत सरकार द्वारा छ.ग. राज्य के लिए घोषित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं छ.ग. शासन द्वारा घोषित अन्य पिछड़ा वर्ग से हो तथा स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक हो ।
(3) आवदेक की न्यूनतम आयु 20 वर्ष तथा अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए । न्यूनतम आयु की गणना विज्ञापन प्रकाशन वर्ष में 1 जनवरी 2024 की स्थिति में की जाएगी।
(4) आवेदक बैंकिग / रेल्वे / व्यापम / एस.एस.सी. द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल होने हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो ।
(5) ऐसे अभ्यर्थी जो वर्तमान में किसी शासकीय सेवा में कार्यरत हो वे इस योजना हेतु पात्र नहीं होंगे।
(6) चयनित अभ्यार्थियों को योजना का लाभ केवल एक बार ही दिया जायेगा ।
(7) ऐसे आवेदक जिनकी स्वयं की आय या माता-पिता / पालक की आय रू. 3.00 लाख वार्षिक तक है, वे योजनांतर्गत संचालित प्रशिक्षण हेतु पात्र होंगे। इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

इस योजना का लाभ लेने हेतु दिनांक 25.11.2024 तक कार्यालय कलेक्टर ( आदिवासी विकास शाखा) जिला नारायणपुर के कक्ष क्रमांक 94,95 में आवेदन जमा कर सकते है।

1. कुल स्वीकृत सीट - 100 (ST-50, SC-30, OBC-20) महिलाओं के लिए 33% सीट आरक्षित होगी ।
2. प्राक्चयन परीक्षा हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - 25.11.2024 समय 5:30 बजे तक
3. प्राक्चयन परीक्षा दिनांक - पृथक से जारी किया जायेगा ।
4. आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास नारायणपुर के कक्ष क्रमांक 94, 95 में अंतिम तिथि तक जमा किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी हेतु जिला नारायणपुर की वेबसाईट www.narayanpur.cg.gov.in से "राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019" विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन कर एवं निर्धारित आवेदन पत्र प्रारूप (Download) कर सकते है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, नारायणपुर

G-242503737/2

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़**
तृतीय तल, स्वास्थ्य भवन, सेक्टर- 19, नार्थ ब्लॉक
नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ) पिन - 492015
दूरभाष- 0771-2511285 ई-मेलः office.mdnrhm@gmail.com

क्रमांक/NHM/HR/2024/1527 / 2173 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 11/11/2024

**विज्ञापन सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ अंतर्गत राज्य स्तर 01 ) State Programme Manager - NHM, 02 ) State Epidemiologist - NTEP, 03) State Epidemiologist - IDSP, 04) State Manager - Account, 05 ) State Consultant - RI, 06) State Consultant- Procurement & Logistics (NTEP), 07) State Consultant - Bridge Course, 08) State Consultant - IEC / BCC, 09) State Consultant - AMB, 10) State Consultant-NUHM, 11) Zonal Entomologist, 12 ) Manager - Data (IDSP), 13) Programme Associate - Vaccine & Logistics Management, 14) Programme Associate NVHCP, 15) Programme Assistant-QA, 16 ) Accountant, 17) Sr. Secretarial Assistant, 18) Laboratory Supervisor, 19 ) SDS Pharmacist, 20 ) Laboratory Technician & 21 ) Insect Collector एवं जिला स्तर के 01) Microbiologist - C&DST (Raigarh), 02) District Programme Manager, 03) District Manager - Urban, 04) Divisional Consultant (QA), 05) District Manager Account, 06) District Manager - Data, 07) District Manager - Training / HR, 08) District Manager - Hospital, 09) District Consultant - PCPNDT, 10) District Consultant – NTCP, 11) District Microbiologist – IDSP, 12) District Consultant - RMNCH+A, 13) District Epidemiologist – IDSP, 14) Consultant - NVBDCP, 15) Consultant NLEP, 16) Consultant NPPCF, 17) Consultant NCD, 18) Consultant - Finance and Logistics, 19 ) District Consultant Ayushman Bharat (HWC) cum NCD Consultant & 20 ) Programme Associate Biomedical Engineer के रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in में दिनांक 18.11.2024 से 02.12.2024 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं।

विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाईन आवेदन हेतु विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in का अवलोकन करें ।

मिशन संचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
छत्तीसगढ़

S-42088/3

# सॉवरेन गोल्ड बांड ने किया मालामाल, 16 नवंबर से कर सकते हैं रिडीम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सॉवरेन गोल्ड बांड (एसजीबी) में निवेश करने वालों के लिए अच्छी खबर है। सॉवरेन गोल्ड बांड 2016-17 की सीरीज III ने पिछले 8 सालों में करीब 160 फीसदी का रिटर्न दिया है। यह गोल्ड बांड 17 नवंबर 2016 को जारी हुआ था। जिन निवेशकों ने सॉवरेन गोल्ड बांड इस सीरीज III में निवेश किया था, उनके लिए फाइनल रिडेम्पशन की तारीख आ गई है। आरबीआई की ओर से जारी किए गए इस एसजीबी सीरीज की रिडम्पशन तारीख 16 नवंबर 2024 है। निवेशक इस तारीख के बाद अपने निवेश को भुना सकते हैं। आरबीआई ने बताया कि रिडेम्पशन पर निवेशकों को 7,788 रुपए प्रति ग्राम के भाव से पैसा मिलेगा। जबकि निवेशकों ने करीब 8 साल पहले 2016 में इस सीरीज को 3,007 रुपए प्रति ग्राम के भाव पर खरीदा था।

**यह गोल्ड बांड 17 नवंबर 2016 को जारी**

इस तरह एसजीबी निवेशकों को रिडेम्पशन के दौरान हर ग्राम पर 4,781 रुपए का फायदा मिलेगा। यह करीब 8 सालों में 159 प्रतिशत का रिटर्न है। बता दें कि इस कैलकुलेशन में अभी उस 2.50 फीसदी के सालाना ब्याज को शामिल नहीं किया गया है, जो सरकार बांडधारकों को देती है। इस ब्याज का भुगतान साल में दो बार होता है। इसे जोड़ने पर यह रिटर्न और भी ज्यादा हो जाएगा।

## पिछले आठ सालों में करीब दिया 160 प्रतिशत रिटर्न

### रिडम्पशन प्राइस कैसे तय होता है?

भारतीय रिजर्व बैंक, 999 शुद्धता वाले गोल्ड के पिछले एक सप्ताह के औसत बंद भाव के आधार पर फाइनल रिडम्प्शन प्राइस तय करता है। गोल्ड के भाव के लिए आरबीआई, इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेडकी रिपोर्ट का सहारा लेती है। सॉवरेन गोल्ड बांड 2016-17 की सीरीज III के लिए, 4 नवंबर से 8 नवंबर 2024 के बीच गोल्ड का औसत बंद भाव 7,788 रुपए प्रति ग्राम तय किया गया है।





### कैसे रिडीम करें

रिडम्प्शन की राशि बिना कुछ किए ऑटोमैटिक रूप से बांडधारकों के डीमैट खातों से जुड़े बैंक खातों में जमा हो जाएगी। अगर निवेशकों के बैंक और डीमैट खाते से जुड़ी जानकारियां अपडेटेड हैं, तो उन्हें कोई अतिरिक्त कदम उठाने की जरूरत नहीं है। हालांकि, उन्हें देरी से बचने के लिए अपने अकाउंट का केवाईसी करा लेना चाहिए और यह पक्का करना चाहिए कि इसमें कोई गलती नहीं हैं। अगर निवेशक रिडीम नहीं करना चाहते हैं, तो वे स्टॉक एक्सचेंजों पर भी बांड को ट्रेड कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### कल्याण ज्वेलर्स का लाभ घटकर 130.3 करोड़ रुपए




**मुंबई।** कल्याण ज्वेलर्स का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 3.37 प्रतिशत घटकर 130.32 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 134.87 करोड़ रुपये रहा था। कल्याण ज्वेलर्स ने कहा कि उसकी परिचालन आय 37.39 प्रतिशत बढ़कर 6,065.48 करोड़ रुपये रही।

### कोयला आयात 2.2 प्रतिशत बढ़कर 11.12 करोड़ टन



**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अगस्त की अवधि में कोयले का आयात 2.2 प्रतिशत बढ़कर 11.12 करोड़ टन हो गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह 10 करोड़ 88.1 लाख टन था। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई है। कोयला मंत्रालय ने कहा कि गैर-विनियमित क्षेत्र में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में अप्रैल-अगस्त की अवधि में 10.3 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

### एक्मे सोलर का शेयर 13% गिरावट के साथ सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** अक्षय ऊर्जा कंपनी एक्मे सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 289 रुपये से 13 प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का शेयर बीएसई पर निर्गम मूल्य से 10.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 259 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। इसके बाद यह 11.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 255 रुपये पर आ गया।

केंद्रीय बैंक ने एक रिपोर्ट में दिया परामर्श

# नगर निगमों को अपनी आमदनी के स्त्रोत बढ़ाने की जरूरत : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

**गुणवत्ता युक्त सार्वजनिक सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही**




नगर निगमों को संपत्ति कर में सुधार, उपयोगकर्ता शुल्क को युक्तिसंगत बनाने और बेहतर संग्रह तंत्र के माध्यम से अपनी आमदनी के स्त्रोतों को बढ़ाने की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में यह परामर्श दिया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि संपत्ति कर राजस्व में लोचशीलता को ऐसे संपत्ति कर फॉर्मूला को अपनाकर सुधारा जा सकता है जो संपत्ति मूल्यांकन को अधिक प्रतिबिंबित करते हैं। संपत्ति कर, कर से होने वाली आमदनी का प्रमुख स्त्रोत है। आरबीआई द्वारा बुधवार को जारी 'नगर निगम वित्त पर रिपोर्ट' में कहा गया है कि बढ़ती शहरी आबादी के साथ शहरी क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, "फिर भी भारत में इस जिम्मेदारी के साथ जुड़े नगर निगम (एमसी) सीमित राजस्व जुटा पाते हैं और अपनी वित्तपोषण आवश्यकताओं के लिए सरकार पर बहुत अधिक निर्भर रहते हैं। इससे उनकी परिचालन की मजबूती प्रभावित होती है।'' स्थानीय कराधान सुधारों, बेहतर प्रवर्तन, संस्थागत क्षमता में वृद्धि और पारदर्शी वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से नगर निगम के वित्त को मजबूत करने के लिए राज्य-विशिष्ट रणनीतियां मजबूत नगर निगम वित्त और प्रभावी शहरी विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसमें कहा गया है कि आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं और अन्य तुलनात्मक उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारतीय नगर निगम बहुत कम आमदनी जुटा पाते हैं। इससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में उनका संसाधन खर्च काफी कम रहता है। आरबीआई ने कहा, "नगर निगम के पास खुद से आमदनी करने के स्त्रोत अविकसित हैं। इनमें कर और गैर-कर आय, दोनों शामिल हैं।" रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में नगर निगम राजस्व हस्तांतरण के माध्यम से अपनी वित्त पोषण आवश्यकताओं के लिए केंद्र और राज्य सरकारों पर बहुत अधिक निर्भर हैं।



## भारत कर रहा डिजिटल क्रांति की अगुवाई

**जयपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने बुधवार को कहा कि देश डिजिटल क्रांति के मामले में अगुवा है और वित्तीय प्रौद्योगिकी डिजिटल भुगतान को गति दे रही है। उन्होंने कहा कि एक जीवंत ई-बाजार उभर रहा है और अपनी पहुंच बढ़ा रहा है। डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद का दसवां हिस्सा है। पिछले दशक की वृद्धि दर को देखते हुए, 2026 तक इसके जीडीपी का पांचवां हिस्सा बनने की संभावना है।

### वृद्धि के नए रास्ते खुल रहे

पात्रा ने यहां 'भारत में डिजिटल प्रौद्योगिकी, उत्पादकता और आर्थिक वृद्धि' विषय पर डीईपीआर सम्मेलन में अपने उद्‌घाटन भाषण में यह भी कहा कि भारत अपने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, एक जीवंत सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र और कृत्रिम मेधा प्रतिभा से लैस युवाओं समेत बढ़ती युवा आबादी के साथ वृद्धि के नए रास्ते खोलने और मौजूदा रास्तों को अनुकूलतम

### 60 फीसदी कर्ज डिजिटल माध्यम से

इसके अलावा, 60 प्रतिशत डिजिटल माध्यम से कर्ज प्रदान कर रहे हैं जबकि 50 प्रतिशत भुगतान 'एग्रीगेटर' सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वहीं 41 प्रतिशत चैटबॉट का उपयोग करते हैं, 24 प्रतिशत ने 'ओपन बैंकिंग' को अपनाया है और 10 प्रतिशत ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) तकनीक को एकीकृत किया है।

# गोल्ड ईटीएफ में आया रिकॉर्ड निवेश

**नई दिल्ली।** गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड कोषों (ईटीएफ) में अक्टूबर में 1,961 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निवेश हुआ, जो मासिक आधार पर 59 प्रतिशत की वृद्धि है। त्योहारों तथा शादियों के मद्देनजर सोने की कीमतों में वृद्धि के चलते इसमें बढ़ोतरी हुई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। यह अक्टूबर, 2023 में देखे गए 841 करोड़ रुपये के प्रवाह से दोगुना से अधिक है। इस निवेश से अक्टूबर के अंत तक स्वर्ण कोषों की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 12 प्रतिशत बढ़कर 44,545 करोड़ रुपये हो गईं, जो इससे पिछले महीने 39,823 करोड़ रुपये थीं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक- प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, '' अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस वर्ष ब्याज दरों में 0.75 प्रतिशत की कटौती तथा डॉलर का मजबूत रुख ...वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों तथा उसमें निवेश पर क्या प्रभाव डालेगा इसपर नजर रखने की जरूरत है।''




### उद्देश्य घरेलू भौतिक सोने की कीमत पर नजर रखना

आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ खंड में अक्टूबर में 1,961 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ, जो इससे पिछले महीने के 1,233 करोड़ रुपये के शुद्ध निवेश से काफी अधिक है। अगस्त में 1,611 करोड़ रुपये, जुलाई में 1,337 करोड़ रुपये, जून में 726 करोड़ रुपये और मई में इसमें 827 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। गोल्ड ईटीएफ का उद्देश्य घरेलू भौतिक सोने की कीमत पर नज़र रखना है।

# स्विगी का शेयर पहले दिन करीब 17 प्रतिशत चढ़ा

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन खाद्य एवं पेय पदार्थों की आपूर्ति करने वाली प्रमुख कंपनी स्विगी का शेयर बुधवार को अपने निर्गम मूल्य 390 रुपये से लगभग 17 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 5.64 प्रतिशत के उछाल के साथ 412 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 19.30 प्रतिशत चढ़कर 465.30 रुपये पर पहुंच गया और अंत में 16.91 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 455.95 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर शेयर ने 7.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 420 रुपये पर शुरुआत की और अंत में यह 16.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 456 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन शेयर बाजारों में शेयर सूचीबद्ध होने के दिन ही एक लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,02,062.01 करोड़ रुपये रहा।

# सोना 50 रुपए टूटा, चांदी में 1,200 रुपए की तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 50 रुपये गिरकर चार सप्ताह के निचले स्तर 77,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोने की कीमत 77,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, दो दिन की लगातार गिरावट के बाद चांदी की कीमतों में सुधार आया और यह 1,200 रुपये चढ़कर 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इसका पिछला बंद भाव 91,300 रुपये प्रति किलोग्राम था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 50 रुपये गिरकर 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। मंगलवार को सोने की कीमत 77,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''निवेशकों को अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के जारी होने का इंतजार है, जिससे सोने में मामूली बढ़त देखने को मिली। इससे समग्र रूप से कमजोर रुझान के बीच कुछ अल्पकालिक समर्थन मिल सकता है।''

# बाजार में प्याज की नई फसल, कीमतें घटने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि आने वाले दिनों में प्याज की कीमतों में और गिरावट आने की उम्मीद है क्योंकि नई खरीफ फसल की आवक शुरू हो गई है। अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में, प्याज का औसत अखिल भारतीय खुदरा मूल्य 54 रुपये प्रति किलोग्राम है और प्रमुख उपभोक्ता केंद्रों में सरकार द्वारा प्याज की सब्सिडी वाली बिक्री के बाद पिछले एक महीने में प्याज कीमतों में गिरावट आई है।



सरकार उपभोक्ताओं को ऊंची कीमतों से राहत देने के लिए दिल्ली-एनसीआर और अन्य शहरों में 35 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर खुदरा बाजार में बफर स्टॉक से प्याज बेच रही है। सरकार के पास प्याज का 4.5 लाख टन का बफर स्टॉक है, जिसमें से अबतक 1.5 लाख टन का निपटान किया जा चुका है।

मंत्रालय के अधिकारी के अनुसार, बफर स्टॉक प्याज को पहली बार रेलवे के माध्यम से प्रमुख उपभोक्ता केंद्रों तक पहुंचाया जा रहा है और इससे आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिल रही है।

अधिकारी ने कहा, ''जब तक स्टॉक खत्म नहीं हो जाता और कीमतें स्थिर नहीं हो जातीं, तब तक हम बफर प्याज की थोक रेल ढुलाई जारी रखेंगे।''




## बिजनेस साइट

# राज्य का पहला 'डॉ अभिमन्यु आयुर्वेदा' मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आयुर्वेदिक चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 'डॉ अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल' का उद्‌घाटन बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ अभिमन्यु साहू, महामंत्री पवन साय, विधायक पुरंदर मिश्रा और संदीप साहू सहित अन्य पदाधिकारीगण, हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कमल विहार, रायपुर में स्थित यह अस्पताल 20 बिस्तरों के साथ पूरी तरह से सुसज्जित है और यहां पेन, पाइल्स, पंचकर्म, पीडिया, गायनी, त्वचा रोगों, फिजियोथेरेपी और अन्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ अभिमन्यु साहू ने बताया कि लंबे समय से छत्तीसगढ़ में एक आयुर्वेदिक हॉस्पिटल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, क्योंकि आयुर्वेदिक इलाज के लिए मरीजों को अक्सर राज्य से बाहर जाना पड़ता था। अब इस नए अस्पताल के खुलने से प्रदेशवासियों को इस तरह की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही प्राप्त हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि यह राज्य का पहला आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल होगा, जो समग्र चिकित्सा समाधान प्रदान करेगा।

### प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धतियां उपलब्ध

इस अस्पताल में प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धतियों जैसे पंचकर्म, शिरोधारा, क्षारसूत्र, और लेजर उपचार की सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। यहां डीलक्स रूम, प्राइवेट रूम, सेमी प्राइवेट रूम, पैथ लैब, माइनर ऑपरेशन थिएटर और मेडिकल सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। अस्पताल 24x7 मरीजों की सेवा में तत्पर रहेगा।



## ऑस्ट्रेलियाई मीडिया का दावा

# भारतीय टीम 'बंद दरवाजों' के पीछे करना चाहती थी अभ्यास

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय टीम प्रबंधन ने यहां के वाका मैदान पर भारत और भारत ए के खिलाड़ियों से बनी टीमों के बीच अभ्यास मैच के दौरान प्रशंसकों को शुक्रवार से रविवार तक के अपने सत्र को देखने की अनुमति देने फैसला किया है। यह ऑस्ट्रेलियाई मीडिया की उस रिपोर्ट के विपरीत है जिसमें दावा किया गया है कि भारतीय टीम का अभ्यास सत्र प्रशंसकों के लिए बंद रहेगा।

'द ऑस्ट्रेलियन' अखबार ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि वाका स्टेडियम के नवीनीकरण के काम मे लगे निर्माण श्रमिकों के दल को उनकी कंपनी के सीईओ द्वारा भारतीय टीम के नेट सत्र के दौरान फोटो खिंचने या ड्रोन के इस्तेमाल के लिए मना किया गया है।

### मीडिया कवरेज से कोई रोक नहीं : बीसीसीआई

इस बारे में हालांकि जब बीसीसीआई के लोगों से पूछा गया तो उन्होंने इस तरह की आधिकारिक सूचना भेजने से साफ इनकार कर दिया। बीसीसीआई अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'भारत या भारत ए की टीम से किसी ने ऐसी कोई मांग नहीं की है। किसी ने आधिकारिक क्षमता में बंद दरवाजे के पीछे नेट सत्र की मांग नहीं की है। अभ्यास सत्र सभी के लिए खुला है। भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई मीडिया जब तक चाहें देख और कवर कर सकते हैं। अभी तक ऐसी कोई रोक नहीं है।'



**प्रशंसकों को रोका:** अखबार के मुताबिक, 'भारत अपने अभ्यास सत्र को गुप्त रखना चाह रहा है। इसका खुलासा वाका के नवीनीकरण में शामिल श्रमिकों को जारी एक ईमेल के लीक होने से होता है। नई सुविधा का निर्माण कर रहे 'एडीसीओ कंस्ट्रक्शन' के एडम सॉजियर द्वारा भेजी गई ई-मेल के अनुसार भारतीय टीम के अभ्यास सत्र को देखने से प्रशंसकों को रोक दिया गया है। इसके साथ परिसर में काम करने वालों को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे भी टीम के अभ्यास सत्र की ओर ताका-झांकी नहीं करें।'

### फोटो वीडियो बनाने से बचें

अखबार ने ई-मेल का हवाला देते हुए लिखा, 'अगले सप्ताह से पर्थ स्टेडियम में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए भारत और भारत ए की टीमें मंगलवार 12 नवंबर से 17 नवंबर तक वाका मैदान पर अभ्यास कर रही हैं। श्रमिकों को जारी ई-मेल में कहा गया कि प्रशिक्षण सत्रों के दौरान कृपया कोई भी तस्वीर या वीडियो न लें या कोई ड्रोन न उड़ाएं। इन सत्रों को बैठकर देखने से भी बचे।'



### आधिकारिक प्रथम श्रेणी मैच नहीं

यह पता चला है कि भारत ए की टीम पर्थ पहुंच गई है और वे 'इंट्रा-स्क्वॉड' मैच का हिस्सा होंगे। सूत्र ने कहा, 'जाहिर तौर पर यह तीन दिवसीय आधिकारिक प्रथम श्रेणी मैच नहीं होगा जहां अगर कोई बल्लेबाज पहले ओवर में आउट हो जाता है, तो उसे फिर से बल्लेबाजी का मौका नहीं मिलता। यह मैच सिमुलेशन (मैच जैसी स्थिति) होगा जहां किसी भी संख्या में बल्लेबाज बल्लेबाजी कर सकते हैं।'

### एक टीम में बल्लेबाज तो दूसरी में होंगे गेंदबाज

यह समझा जाता है कि प्रबंधन चाहता है कि मोहम्मद सिराज और आकाश दीप जैसे गेंदबाज विराट कोहली और ऋषभ पंत को अधिक गेंदबाजी करें। मुख्य पिच पर बेहतर अभ्यास के लिए एक टीम में अधिक बल्लेबाज होंगे तो दूसरी टीम में गेंदबाजों की संख्या अधिक होगी। उन्होंने कहा, 'यह अभ्यास वैसा ही होगा जैसा की कोविड-19 महामारी के समय इंग्लैंड में भारतीय टीम ने किया था। तब 23-24 खिलाड़ियों का दल इंग्लैंड गया था।'

### टीम ने नेट सत्र में किया अभ्यास

भारत की पूरी टीम ने बुधवार को दोपहर में आयोजित पहले आधिकारिक नेट सत्र में अभ्यास किया। वाका मैदान पर इस दौरान भारत ए टीम के कुछ सदस्य भी मौजूद थे। इस सत्र में विराट कोहली ने अन्य बल्लेबाजों के साथ लंबे समय तक बल्लेबाजी अभ्यास किया

## खबर संक्षेप




### पंत और कैरी की भूमिका होगी अहम

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का नतीजा तय करने में ऋषभ पंत और एलेक्स कैरी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। पूर्व विकेटकीपर ब्रैड हैडिन को लगता है कि भारतीय बल्लेबाजों को ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ेगा। फिंच को लगता है कि दोनों विकेटकीपर शीर्ष क्रम के नहीं चल पाने पर अपनी टीमों को वापसी दिलाने की क्षमता रखते हैं। फिंच ने कहा, 'मुझे लगता है कि एलेक्स कैरी और ऋषभ पंत अहम हो सकते हैं। इन दोनों विकेटकीपर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होने वाली है।'

### शमी को दम-खम दिखाना होगा

**इंदौर।** पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता संजय जगदाले ने बुधवार को कहा कि रणजी ट्रॉफी मैच के जरिये प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लगभग एक साल बाद



वापसी करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को फिटनेस और फॉर्म हासिल करने के लिए प्रथम श्रेणी मुकाबलों में दम-खम दिखाना होगा। पिछले साल 19 नवंबर को विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर शमी के टखने में चोट थी जिसके लिए उन्हें ऑपरेशन कराना पड़ा था। उन्होंने मध्यप्रदेश और बंगाल के बीच इंदौर के होलकर स्टेडियम में बुधवार से शुरू हुए रणजी ट्रॉफी मैच के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की।

### पार्थिव को गुजरात ने बनाया सहायक कोच

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस ने भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल को इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए बल्लेबाजी और सहायक कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पार्थिव मुख्य कोच आशीष नेहरा के नेतृत्व वाले सहयोगी स्टाफ में दोहरी भूमिका निभाएंगे। फ्रेंचाइजी ने कहा, 'गुजरात टाइटन्स को अपने नए सहायक और बल्लेबाजी कोच के रूप में पार्थिव पटेल की नियुक्ति की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।


## टी20 : दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मुकाबले में 11 रन से हराया

# भारत के माथे पर जीत का 'तिलक' शतक से बने हीरो, टीम अपराजेय

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

तिलक वर्मा (नाबाद 107) के पहले अंतरराष्ट्रीय शतक की मदद से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां 11 रन से रोमांचक जीत दर्ज की। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर छह विकेट पर 219 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की टीम सात विकेट पर 208 रन ही बना सकी। भारत ने चार मैचों की श्रृंखला में 2-1 की अपराजेय बढ़त बना ली है। चौथा और आखिरी मैच शुक्रवार को खेला जाएगा।

भारतीय पारी में तिलक को अभिषेक वर्मा का बखूबी साथ मिला जिन्होंने 50 रन की आक्रामक पारी खेली। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्क्रम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। बाईस वर्ष के तिलक ने अपनी 57 रन की पारी में सात छक्के और आठ चौके लगाए। उनकी पारी की मदद से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 प्रारूप में दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया। अभिषेक ने खराब फॉर्म से उबरते हुए 25 गेंद में पांच छक्कों और तीन चौकों की मदद से 50 रन बनाए।




### भारत के युवा शतकवीर

| उम्र | खिलाड़ी |
|---|---|
| 21 साल 279 दिन | यशस्वी जायसवाल |
| 22 साल 5 दिन | तिलक वर्मा |
| 23 साल 146 दिन | शुभमन गिल |
| 23 साल 156 दिन | सुरेश रैना |
| 23 साल 307 दिन | अभिषेक शर्मा |
| 24 साल 131 दिन | केएल राहुल |

### क्लासेन का तूफान बेकार

दक्षिण अफ्रीका के लिए क्लासेन ने 22 गेंद में 41 रन बनाए और जानसेन ने आक्रामक अर्धशतक जड़ा। रिकी रिकेलटन (20) एक बार फिर नाकाम रहे। रीजा हेंडरिक्स (21) को भी वरुण चक्रवर्ती ने पगबाधा आउट किया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन माक्रम (29) आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर शॉट खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे। वहीं ट्रिस्टन स्टब्स को अक्षर पटेल ने आउट किया। क्लासेन ने चक्रवर्ती को तीन छक्के जड़े।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन बो जानसेन | 00 | 02 | 0 | 0 |
| अभिषेक स्ट क्लासेन बो महाराज | 50 | 25 | 3 | 5 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 107 | 56 | 8 | 7 |
| सूर्यकुमार का जानसेन बो सिमलेन | 01 | 04 | 0 | 0 |
| पंड्या पगबाधा बो महाराज | 18 | 16 | 3 | 0 |
| रिंकू सिंह बो सिमलेन | 08 | 13 | 0 | 0 |
| रमनदीप सिंह रन आउट | 15 | 06 | 1 | 1 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 19, योग : 20 ओवर में 219/6
गेंदबाजी : जानसेन 4-0-28-1, कोएत्जी 3-0-51-0, सिपाम्ला 4-0-45-0, सिमलेन 3-0-34-2, माक्रम 2-0-19-0, महाराज 4-0-36-2.

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रियान रिकेलटन बो अर्शदीप | 20 | 15 | 2 | 1 |
| हेंडरिक्स स्ट सैमसन बो वरुण | 21 | 13 | 4 | 0 |
| माक्रम का रमनदीप बो वरुण | 29 | 18 | 0 | 2 |
| स्टब्स पगबाधा बो पटेल | 12 | 12 | 2 | 0 |
| क्लासेन का वर्मा बो अर्शदीप | 41 | 22 | 1 | 4 |
| मिलर का पटेल बो पंड्या | 18 | 18 | 1 | 1 |
| जानसेन पगबाधा बो अर्शदीप | 54 | 17 | 4 | 5 |
| गेराल्ड कोएत्जी नाबाद | 02 | 03 | 0 | 0 |
| एंडिले सिमलेन नाबाद | 05 | 02 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 06, योग : 20 ओवर में 208/7
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-37-3, पंड्या 4-0-50-1, पटेल 4-0-29-1, वरुण 4-0-54-2, बिश्नोई 4-0-33-0.

## ऐश्वर्य-संजीता को विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और संजीता दास ने बुधवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर मेजबान टीम को तीसरा स्वर्ण दिलाया।

पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में पांचवें स्थान पर रहने वाले और 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स में रजत पदक जीतने वाले ऐश्वर्य अंततः स्वर्ण पदक अपने नाम करने में सफल रहे। उन्होंने और संजीता ने किम हयोबीन और ली जुनहवान की दक्षिण कोरिया की जोड़ी को 17-15 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। कांस्य पदक के मुकाबले में यूलिया पित्रोवस्का और मासीज कोवालेविज की पोलैंड की जोड़ी ने माणिनी कौशिक और उमामहेश मादिनेनी की भारतीय जोड़ी को एकतरफा मुकाबले में 16-0 से हराया। संजीता (316.8) और ऐश्वर्य (316.2) इससे पहले कुल 633.0 अंक के साथ क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहे और फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना कोरिया की जोड़ी से हुआ जो क्वालीफिकेशन में 631.7 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही थी। शीर्ष दो टीमों ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई जबकि तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला हुआ।

## सिनर ने फ्रिट्ज़ को फिर से हराया, मेदवेदेव जीते



एजेंसी ▶▶| तूरिन

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में टेलर फ्रिट्ज़ को सीधे सेटों में हराया। इटली के सिनर ने अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने फ्रिट्ज़ को 6-4, 6-4 से हराया।

उन्होंने इस साल अमेरिकी ओपन के फाइनल में भी अमेरिका के इस खिलाड़ी को सीधे सेटों में हराया था। टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज करने वाले सिनर ने कहा, 'मुझे घरेलू कोर्ट पर खेलना पसंद है। अगर आप अपने प्रशंसकों और आपका समर्थन करने वालों को पसंद करते हैं तो इससे काफी मदद मिलती है।' इससे पहले दानिल मेदवेदेव ने अलेक्स डी मिनौर को 6-2, 6-4 से हरा कर खुद को सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में बनाए रखा।

## सिंधू प्री क्वार्टर फाइनल में, लक्ष्य हारकर बाहर

**कुमामोतो।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई लेकिन लक्ष्य सेन पहले दौर से बाहर हो गए।



दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने 11वीं रैंकिंग वाली थाईलैंड की बुसानन ओंगामरूंगफान को 21-12, 21-18 से हराया। अब वह कनाडा की मिशेले ली से खेलेंगी। लक्ष्य ने पहला गेम जीतने के बाद दबाव में आकर मलेशिया के लियोंग जुन हाओ के खिलाफ 22-20, 17-21, 16-21 से पराजय का सामना किया।

## ली ने ठोका लगातार दूसरा शतक

एजेंसी ▶▶| महोबार्ट

विमंस बिग बैश लीग के 25वें मुकाबले में लिजेल ली ने शतक ठोका। इसके साथ ही उन्होंने इतिहास रच दिया। वह विमंस बिग बैश लीग में लगातार 2 शतक लगाने वाली पहली प्लेयर बन गई हैं। होबार्ट हरीकेन विमंस की सलामी बल्लेबाज लिजेल ली ने एडिलेड स्ट्राइकर्स विमंस के खिलाफ 103 रन की पारी खेली। हालांकि, वह रन आउट हुईं। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर ने 59 गेंदों का सामना किया और 13 चौकों के साथ ही 4 छक्के भी लगाए।

मुकाबले की बात करें तो लिजेल ली की सेंचुरी की बदौलत होबार्ट हरीकेन विमंस ने 20 ओवर में 2 विकेट खोकर 191 रन बनाए। निकोला केरी ने भी अर्धशतक लगाया। जवाब में एडिलेड स्ट्राइकर्स विमंस 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 163 रन ही बना सकी। स्मृति मंधाना और लौरा वोल्वार्ड्ट का अर्धशतक भी उनकी टीम के काम नहीं आया। ली ने निकोला केरी के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 133 रन जोड़े। निकोला केरी ने 46 गेंदों पर 64 रन की नाबाद पारी खेली।



### 28 रन से हारी एडिलेड स्ट्राइकर्स

*192 रनों के टारगेट को चेज करने उतरी एडिलेड स्ट्राइकर्स विमंस को 28 रन से हार का सामना करना पड़ा। स्मृति मंधाना और केटी मैक ने पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़े। 8वें ओवर में मंधाना आउट हुईं। उन्होंने 32 गेंदों का सामना किया और 51 रन बनाए। उनके अलावा केटी ने 14 रन और कप्तान ताहलिया मैकग्राथ ने 4 रन बनाए। लौरा वोल्वार्ड्ट 63 रन और ब्रिजेट पैटरसन 23 रन बनाकर नाबाद रहीं।*

## फीफा कार्यशाला हमारे लिए अहम

**नई दिल्ली।** श्रीलंका में आयोजित फीफा वित्तीय प्रशासन कार्यशाला में भाग लेने वाले अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव अनिल कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से सदस्य संघों को वित्तीय प्रबंधन को सुधारने और मजबूत करने में काफी मदद मिलेगी। इस कार्यशाला का आयोजन छह और सात नवंबर को कोलंबो में हुआ था। इसमें भारत, बांग्लादेश, भूटान, ईरान, किर्गिज गणराज्य, मालदीव, नेपाल, श्रीलंका, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के फुटबॉल संघों के महासचिवों और वित्त निदेशकों ने भाग लिया था।

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने भारतीय कोच को दिया जवाब

# गंभीर जल्दी चिढ़ जाते हैं, कोहली पर नहीं साधा निशाना

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

गौतम गंभीर के कटाक्ष का जवाब देते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने बुधवार को कहा कि भारत के मुख्य कोच जल्दी चिढ़ जाते हैं। विराट कोहली पर उनकी टिप्पणियों को इस स्टार बल्लेबाज पर निशाना साधने के रूप में नहीं देखना चाहिए क्योंकि वह स्वयं भी लंबे समय से खराब फॉर्म को लेकर चिंतित होंगे।

पोंटिंग ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को दिए साक्षात्कार में कहा था कि कोहली का खराब फॉर्म चिंता का विषय होगा और किसी भी अन्य अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को पांच साल में सिर्फ दो शतक के साथ टेस्ट टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। हालांकि उन्होंने कोहली की वापसी करने की क्षमता की भी सराहना की थी। गंभीर से जब पोंटिंग की टिप्पणियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज को भारतीय क्रिकेट के बारे में चिंतित होने की जरूरत नहीं है।



गंभीर की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर पोंटिंग ने कहा, 'मैं प्रतिक्रिया पढ़कर हैरान था लेकिन कोच गौतम गंभीर को जानता हूं... वह काफी जल्दी चिढ़ जाते हैं इसलिए मुझे आश्चर्य नहीं है कि उन्होंने पलटवार किया। मुझे उनसे ऐसी उम्मीद नहीं है। हमारा एक-दूसरे के खिलाफ काफी इतिहास है। मैंने उन्हें दिल्ली कैपिटल्स में कोचिंग दी है और वह काफी चुलबुले स्वभाव के हैं।'

### कमेंट्री नहीं कर पाएंगे पोंटिंग और लैंगर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और लंबे समय तक उनके साथी रहे जस्टिन लैंगर सऊदी अरब में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग की मेगा नीलामी के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में कमेंट्री नहीं कर पाएंगे। आईपीएल की नीलामी 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होगी। एजेंसी के अनुसार, प्रतिबद्धताओं के टकराव के कारण चैनल सेवन को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ टेस्ट के कुछ हिस्सों में रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com